संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -234 सोमवार,26 जून 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# गठबंधन से पहले विपक्षी एकता पर पड़ने लगी दरार

## अरविंद केजरीवाल दिल्ली में अधिकारियों के पदोन्नति और ट्रांसफर को लेकर केंद्र सरकार द्वारा लाए जाने वाले अध्यादेश के खिलाफ सभी विपक्षी पार्टियों से समर्थन मांगा

» **अरविंद केजरीवाल के रवैये को लेकर लालू प्रसाद की पार्टी आरजेडी नाराज**

**नई दिल्ली,25 जून 2023(ए)।** केंद्र की मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल कर केंद्र में गैर भाजपाई सरकार बनाने की जुगत में बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार के नेतृत्व में विपक्षी एकता के लिए पटना में 18 पार्टियों के बड़े दिग्गज जुटे थे।इसी बहाने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली में अधिकारियों के पदोन्नति और ट्रांस्फर को लेकर केंद्र सरकार द्वारा लाए जाने वाले अध्यादेश के खिलाफ सभी विपक्षी पार्टियों से समर्थन मांग रहे हैं।
अरविंद केजरीवाल के रवैये को लेकर लालू प्रसाद की पार्टी आरजेडी नाराज दिख रही है। विपक्षी एकता की गांठें धीरे-धीरे ढीली पड़ने लगी हैं। पटना में शुक्रवार को हुई विपक्षी दलों की बैठक से दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के निकलने को लेकर आरजेडी उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने बड़ा बयान दिया है।
वहीं, विपक्ष की इस बैठक पर बीजेपी भी लगातार चुटकी ले रही है। इतना ही नहीं राज्यसभा सांसद हरनाथ सिंह ने तो विपक्ष की तुलना चूहों से कर दी है। हरनाथ सिंह ने कहा कि 100 चूहे मिलकर एक शेर को पराजित नहीं कर सकते. कर्नाटक की जीत तो छोटी मोटी जीत है।

**विपक्षी एकता में दरार!**

गठबंधन से पहले विपक्षी एकता में दरार पड़ती दिखाई दे रही है। आरजेडी के शिवानंद तिवारी ने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए उन्हें तानाशाह और लोकतंत्र के खिलाफ बताया है। हालांकि, तेजस्वी यादव डैमेज कंट्रोल करते दिखाई दिए. तेजस्वी ने कहा कि विपक्षी दलों के बीच सब ठीक है। विपक्षी एकता की बैठक को लेकर अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने का कि कांग्रेस ही भ्रष्टाचार की जननी है. बाकी सब बेल पर हैं।



**विपक्ष की बैठक पर बीजेपी का वार**

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्षी एकता पर चुटकी लेते हुए कहा कि जुगनुओं ने शराब पी ली है और अब सूरज को भी यह गाली देंगे. उन्होंने कहा कि विपक्ष बेबुनियाद आरोप लगाता है. वो कहते हैं कि लोकतंत्र खतरे में है. विपक्ष जनता की आंखों में धूल झोंक रहा है. राजनाथ सिंह चंडीगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

**राजनाथ सिंह ने ऐसे ली चुटकी**

राजनाथ सिंह ने कहा कि जब देश में इमरजेंसी लगाई तब लोकतंत्र का गला घोंटा गया था. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोकतंत्र सुरक्षित है. उन्होंने विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि वह कहते वे लोग लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगा रहे हैं, जिन्होंने देश में आपातकाल लगाया. अगर देश में लोकतंत्र खतरे में होता तो वे हिमाचल प्रदेश में कैसे जीत गए, कर्नाटक में कैसे जीते?


**नीतीश कुमार पर फंसा पेंच**

वहीं, विपक्षी दलों की एकता के प्रयास को लेकर उन पर नए सिरे से हमला करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इन्हें देश को बताना चाहिए कि उनका नेता कौन होगा और यह 'ठगबंधन' ताश के पत्तों की तरह बिखर जाएगा। भले वे एक मंच पर आए हों, लेकिन उनके दिल नहीं मिल पाए. उन्होंने दावा किया कि बैठक की मेजबानी करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इन दलों ने संयोजक के तौर पर स्वीकार नहीं किया है।

# मोदी के इस कदम से चीन की चिंता बढ़ी

» **पड़ोसी को खतरे में लगने लगा वर्चस्व**

**नई दिल्ली,25 जून 2023(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा ने चीन की चिंता बढ़ा दी है। यह चिंता उन अहम समझौतों और करारों को लेकर है जोकि भारत और अमेरिका में मोदी के दौरे के बाद हुए हैं या होने जा रहे हैं। भारत ने यूएस के साथ डिफेंस से लेकर चिप टेक्नोलॉजी तक कई डील साइन की हैं, जिससे चीन का सिरदर्द लगातार बढ़ता रहा। टेलीकॉम टेक्नोलॉजी पर अमेरिका और भारत के बीच सहमति बनी है, उसमें चीन को ग्लोबल लेवल पर महारथी माना जाता है। अगर अमेरिका भारत की इस मोर्चे पर मदद करता है तो चीन के होश उड़ना लाजमी है। राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी दो अवसरों पर अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने वाले पहले भारतीय नेता बने। दर्जनों बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ से मिलने के अलावा, पीएम मोदी ने न्यूयॉर्क और वाशिंगटन में दो बार भारतीय प्रवासियों को भी संबोधित किया। , चीन की वैश्विक महत्वाकांक्षाएं हैं, चीन की विस्तारवादी नीति है, अगर भारत को चीन का मुकाबला करना है तो अमेरिका के समर्थन की जरूरत होगी। इसको नकारने से कोई फायदा नहीं होगा। हमारी सशस्त्र सेनाओं को अगर चीन का बेहतर तरीके से मुकाबला करना है तो हथियारों का आधुनिकीकरण करना होगा, बेहतर इक्यूप्मेंट और बेहतर इंटेलिजेंस की जरूरत होगी। वैसे चीन को लेकर यह बात मशहूर है कि वह हमेशा पड़ोसियों की उन्नति से जलता है और उसे लगता है कि उसका वर्चस्व खतरे में है।



# 62 साल बाद दिल्ली और मुंबई में एक साथ पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली,25 जून 2023(ए)।** मानसून का असर अब देशभर में देखने को मिल रहा है। कई राज्यों में इसके असर से भारी बरसात हो रही है। दिल्ली और मुंबई में भी मानसून पहुंच चुका है।
भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार मुंबई और दिल्ली में आज एक साथ मानसून ने एंट्री ले ली है। मौसम विभाग ने कहा कि दिल्ली में मानसून जहां निर्धारित समय से दो दिन पहले पहुंचा। वहीं, मुंबई में मानसून दो सप्ताह के देरी से आया है। पिछली बार दिल्ली और मुंबई में एकसाथ मानसून 21 जून, 1961 में आया था। मानसून ने मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र को कवर कर लिया है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मू के कुछ हिस्सों में भी मानसून आ गया है। बारिश से दिल्ली और आसपास के इलाकों में चिलचिलाती गर्मी से राहत मिली, लेकिन गुरुग्राम के विभिन्न इलाकों में जलभराव बना हुआ है। मुंबई और उसके उपनगरों में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश हुई, जिसके कारण विभिन्न स्थानों पर जलजमाव और यातायात जाम हो गया।



# भ्रष्ट शिंदे-फडणवीस सरकार को उखाड़ फेंके

» **कांग्रेस को सत्ता में लाएं : सिद्धारमैया**

**मुंबई,25 जून 2023(ए)।** भारतीय जनता पार्टी जातियों और धर्मों के बीच विवाद पैदा करके सामाजिक शांति को बाधित कर रही है। भारतीय जनता पार्टी का मतलब है भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार का मतलब है भाजपा। कर्नाटक में 40 फीसदी कमीशन दिए बिना कोई काम नहीं होता था। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपील की कि कर्नाटक की जनता ने भ्रष्ट बीजेपी सरकार को उखाड़ फेका है। अब महाराष्ट्र की शिंदे और फडणवीस सरकार भी बहुत भ्रष्ट है, इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकें और कांग्रेस को सत्ता में लाएं।
महाराष्ट्र के सांगली में 2024 किसान संवाद एवं कार्यकर्ता बैठक कल्पद्रुम खेल मैदान में आयोजित की गई। सिद्धारमैया ने आगे कहा कि महात्मा फुले, सावित्रीबाई फुले, शाहू महाराज, बाबा साहेब अंबेडकर ने देश को दिशा दी. डॉ. बाबा साहब के संविधान के बिना दलित, पीड़ित, वंचित वर्ग मुख्यधारा में नहीं आते, उन्हें समान अधिकार नहीं मिलता। लेकिन जातिवादी भाजपा सरकार संविधान को ही बदलने की बात कर रही है। गोलवलकर, सावरकर ने संविधान के अस्तित्व में आने के बाद से ही इसका विरोध किया है और अब भी इस विचार के लोग संविधान का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान रहेगा तभी हम बचेंगे, इसलिए संविधान की रक्षा के लिए कोई भी त्याग और बलिदान देने के लिए तैयार रहें।



# हिमाचल में मूसलाधार बारिश से मची तबाही

» **घरों में घुसा नाले का मलबा,फटा बादल**

**मंडी,25 जून 2023(ए)।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से तबाही मच गई है। पिछले 24 घंटे में राज्य के कई जिलों में मूसलाधार बारिस ने तबाही मचा दी है। कई इलाकों में जलभराव से समस्य बढ़ गई है। कई सड़कें बंद हो गई हैं। कुल्लू में बादल फटने की खबर है। तेज बारिश के बीज भूस्खलन की वजह के कई घरों पर खतरा है।
मूसलाधार बारिश के बीच कई निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मंडी जिले में बारिश से भारी नुकसान हुआ है। सदर क्षेत्र की मंथला पंचायत में रात में मूसलाधार बारिश हुई। जिसके चलते मंथला पंचायत का सामुदायिक भवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। भवन के कमरे में पत्थर बहकर आ गए।
पिछले 24 घंटों में मंडी जिले के कई हिस्सों में भारी नुकसान हुआ है। जिले भर में कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आईं। पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। ऐसे में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ गया है। हालात का जायजा लेने पहुंचे सदर विधायक अनिल शर्मा बाढ़ प्रभावितों से मिले और उन्हें पूरी मदद का भरोसा दिलाया। यहां पिछले 24 घंटों में मंडी में 64.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है।



# बंगाल में हुआ बड़ा हादसा

» **आपस में टकराई दो मालगाड़ियां, 8 बोगी बेपटरी-14 ट्रेनें रद्द**

**बांकुरा,25 जून 2023(ए)।** पश्चिम बंगाल के बांकुरा में ओंडा रेलवे स्टेशन के पास रविवार सुबह दो मालगाड़ियों के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे दोनों मालगाड़ियों के इंजन समेत 8 डिब्बे पटरी से उतर गए। यह हादसा रविवार सुबह करीब 4 बजे हुआ है। यहां एक मालगाड़ी ने दूसरी को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है, एक मालगाड़ी के ड्राइवर को मामूली चोटें आईं। हालांकि हादसे से रेलवे ट्रैक और मालगाड़ियों को हुए भारी नुकसान पहुंचा है।
रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दोनों खाली मालगाड़ियां थीं। रेल हादसे से रेलवे के एडीआरए डिवीजन में ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं।शुरुआती तौर पर हादसा सिग्नलिंग से जुड़ा लग रहा है। इसके कारण रूट का ट्रैफिक बाधित हो गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने कहा कि एडीआरए डिवीजन के ओंडाग्राम स्टेशन पर मालगाड़ी के पटरी से उतरने के कारण 14 ट्रेनें रद्द कर दी गईं। तीन का रूट बदला गया और 2 को कम समय के लिए निलंबित किया है।




# दूध फैक्ट्री में अमोनिया गैस रिसाव से मचा हड़कंप

» **एक की मौत; 40 मजदूरों की हालत बिगड़ी**

**पटना,25 जून 2023(ए)।** बिहार के हाजीपुर शहर में एक दूध सह आइसक्रीम संयंत्र से अमोनिया गैस के रिसाव के कारण एक मजदूर की मौत हो गई और 40 मजदूर बीमार पड़ गए। घटना शनिवार देर रात की है। मृतक दीनानाथ सिंह हाजीपुर शहर में राज दूध और डेयरी उत्पाद संयंत्र के कर्मचारी थे और पटना जिले के मनेर के निवासी थे। संयंत्र में रिसाव रात करीब पौने नौ बजे शुरू हुआ। वहां मौजूद करीब 40 कर्मचारी सांस लेने में दिक्कत के कारण वे बेहोश हो गये। हादसे के बाद स्थानीय निवासी वहां से भागने लगे। कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई, लेकिन जिला प्रशासन ने स्थिति पर नियंत्रण कर लिया।
वैशाली के जिला मजिस्ट्रेट यशपाल मीना ने कहा, हमें संयंत्र से अमोनिया गैस के रिसाव के बारे में पता चला और तुरंत बचाव अभियान चलाया गया। फायर ब्रिगेड और पटना की क्यूआरटी के साथ जिला पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बेहोश कर्मचारियों को बाहर निकाला। उन्हें सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया गया।
जिला अग्निशमन अधिकारियों ने अमोनिया गैस के प्रभाव को कम करने के लिए प्रभावित क्षेत्र में पानी का छिड़काव किया। वैशाली के सिविल सर्जन ने दावा किया कि स्थिति नियंत्रण में है और बीमार व्यक्तियों का इलाज किया जा रहा है।






# महिलाओं के आगे सेना हुई मजबूर

» **12 उग्रवादियों को छोड़ना पड़ा- केवल हथियार लेकर लौटे वापस**

**मणिपुर ,25 जून 2023(ए)।** मणिपुर में पिछले महीने से चली आ रही हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। हिंसा को कंट्रोल करने के लिए कई जिलों में कर्फ्यू लगा हुआ है। सरकार शांति बहाली के लिए सेना को मोर्चे पर लगा रखी है। इस बीच शनिवार को एक बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला। जहां, सुरक्षाबलों को कांगलेई यावोल कन्ना लुप के 12 उग्रवादियों को महिलाओ की भीड़ की वजह से मजबूरन छोड़ना पड़ गया।
सुरक्षा बलों ने कांगलेई यावोल कन्ना लुप के 12 उग्रवादियों को एक गांव में घेर लिया था तभी महिलाओं की अगुवाई में करीब 1500 लोगों की भीड़ सामने आई गई। भीड़ को देखते हुए मजबूरी में सुरक्षाबलों को उन 12 उग्रवादियों को छोड़ना पड़ा जिन्हें कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा था। 12 उग्रवादियों में मोइरंगथेम तम्बा उर्फ उत्तम भी शामिल था। तम्बा को साल 2015 में हुए उस हमले का मास्टरमाइंड था जिसमें सुरक्षा बलों के 18 जवानों की मौत हुई थी।
इम्फाल में डिफेंस पीआरओ ने बताया कि सुरक्षा बलों के जवानों ने भीड़ को हटने के लिए बार-बार अपील की लेकिन लोग पीछे नहीं हटे। अंत में मजबूरन उग्रवादियों को छोड़ना पड़ गया। हालांकि, सुरक्षाबलों ने उग्रवादियों के पास से मिले बड़ी मात्रा में हथियार को जब्त कर लिया है। ऐसा पहली बार नहीं है जब उग्रवादियों को बचाने के लिए महिलाएं सामने आईं। इससे पहले भी इस तरह का मामला सामने आ चुका है।

# मुख्तार अंसारी के सहयोगी पर बड़ा एक्शन



» **डेढ़ करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त**

**गाजीपुर ,25 जून 2023(ए)।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के माफिया मुख्तार अंसारी गिरोह 191 के सदस्य जाकीर हुसैन उर्फ विक्की की सदर कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद में स्थित डेढ़ करोड़ की भूमि भवन को प्रशासन ने कुर्क कर दिया। तहसीलदार सदर और सीओ सिटी के नेतृत्व में भारी सुरक्षा बल के साथ मुनादी करा कर भूमि भवन को कुर्क किया गया। इस संदर्भ में सीओ सिटी ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में गैंगेस्टर के तहत यह कार्रवाई की गयी है। जाकीर हुसैन उर्फ विक्की मुख्तार अंसारी का सहयोगी था और उनके गैंग में शामिल होकर अनेक अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता था। इस भूमि भवन में मदरसा का भी संचालन करता था। इस भूमि भवन की कीमत 41 लाख 29 हजार है जिसकी बाजार कीमत डेढ़ करोड़ रुपया है।

## संपादकीय

### हर सिगरेट खतरनाक है

विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से जारी ताजा चेतावनी को सामयिक और सही दिशा में कहा जाएगा। संगठन ने कहा है कि ई-सिगरेट का सेवन भी सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी एक प्रमुख चिंता है। समाज में यह गलत धारणा बनाई गई है कि ई-सिगरेट खतरनाक नहीं है। इस भ्रम के कारण कई लोग सिगरेट छोड़ने की कोशिश में इसे अपना लेते हैं। उधर नौजवान भी यह सोच कर इसकी लत पाल लेते हैं कि इसमें वह खतरा नहीं है, जो तंबाकू वाली सिगरेट में होता है। इसलिए इस सिलसिले में विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से जारी ताजा चेतावनी को सामयिक और सही दिशा में कहा जाएगा। संगठन ने कहा है कि ई-सिगरेट का सेवन भी सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी एक प्रमुख चिंता है। डब्लूएचो के मुताबिक भारत में 15 से 30 साल की उम्र के करीब 61 फीसदी ऐसे युवा हैं, जिन्होंने ई-सिगरेट का इस्तेमाल नहीं किया है। लेकिन भविष्य में इसकी चपेट में आ सकते हैं। देश और विदेश में हुए एक अध्ययन ई-सिगरेट संबंधी खतरों पर रोशनी पड़ी है। डब्लूएचओ के अनुसार मस्तिष्क के विकास पर निकोटीन के प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों और उपकरणों में मौजूद अन्य रसायनों से संभावित खतरों के कारण नौजवान ई-सिगरेट की तरफ खिंच रहे हैं। यह अब एक प्रमुख चिंता बन गया है। खास कर भारत में देखा गया है कि युवा ई-सिगरेट के खतरों से लापरवाह होते जा रहे हैं।
स्पष्ट है, इन खतरों के बारे में जागरूकता लाने के लिए बड़े पैमाने पर मुहिम चलाने की जरूरत है। अध्ययन से सामने आया कि भारत में 51 प्रतिशत लोग, जिन्होंने पहले कभी ई-सिगरेट का इस्तेमाल नहीं किया है, वे इसके भविष्य में इस्तेमाल को लेकर उत्सुक हैं। 47 प्रतिशत भारतीयों ने ई-सिगरेट का विज्ञापन देखा है। अध्ययन में शामिल अधिकांश भारतीय पढ़े-लिखे और अमीर परिवारों से थे। इसलिए शोधकर्ताओं ने ई-सिगरेट के विज्ञापनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। भारत दनिया में तंबाकू के सबसे बड़े बाजारों में एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक लगभग 27 प्रतिशत भारतीय आबादी किसी न किसी रूप में तंबाकू का इस्तेमाल करती है। इन लोगों की इस लत को छुड़ाना एक बड़ी चुनौती है। लेकिन इस लत को छोड़ने को कोशिश में लोग दूसरी खतरनाक लत अपना लें, तो बात जस की तस रहेगी। इसलिए असल चुनौती हर प्रकार के सिगरेट के खतरों से समाज को अवगत कराने की है।

# नशा मुक्ति के लिए उठे बड़े-बड़े कदम

आज पूरी दुनिया नशे के चंगुल में फंसी हुई है। दुनिया का कोई भी ऐसा देश नहीं है जहां के लोगों को नशे कि लत नहीं लगी हो। भारत में तो स्थिति और भी बदतर हो रही है। यहां की बहुत बड़ी आबादी नशे की गिरफ्त में आ चुकी है। विशेषकर युवा वर्ग में बढ़ती नशाखोरी की प्रवृत्ति समाज व राष्ट्र के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। नशे की लत के कारण बहुत से नौजवानों का भविष्य बर्बाद हो चुका है।
हमारे देश में नशा करने वाले युवा पीढ़ी के लोग अब चरस, हेरोइन, कोकीन,अफीम जैसा खतरनाक नशा करने लगे। देश भर में नशे का सामान बेचने वाले बड़े-बड़े नशा माफिया पनप गए हैं। जो स्कूलों, कॉलेजों में कम उम्र के नौजवानों को नशे का सामान बेचते हैं। घर से बाहर रहकर पढ़ने वाले बहुत से छात्र इन नशा माफियाओं के चंगुल में फंसकर नशे की लत के शिकार हो जाते हैं। जब तक उनके घर वालों को असलियत का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।
नशीले पदार्थों के निवारण के लिए प्रत्येक वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया जाता हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में 7 दिसम्बर 1987 से इसे मनाने का निर्णय लिया था। इसका उद्देश्य लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना तथा उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना है। यह अच्छी बात है कि इस दिन लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। लोगों को सचेत किया जाता है, सावधान किया जाता है। मगर जब तक समाज व सरकार नशे को जड़ से समाप्त करने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही नहीं करेगी तब तक नशे का व्यापार फैलता ही रहेगा। भारत में भी सरकार ने विभिन्न प्रकार के नशे के सामान की बिक्री पर रोक लगा रखी है। कई कानून भी बनाए हैं। मगर उन पर प्रभावी अमल नहीं हो पाता है। जिसके चलते खुलेआम नशे का कारोबार होता है।
आज देश में कहीं से कोई भी व्यक्ति नशे का कोई भी सामान खरीद सकता है। उसे ना कोई रोकने वाला है ना कोई टोकने वाला है। नशे का सामान बेचने वाले सौदागर दिनों दिन धनवान होते जा रहे हैं। जिस कारण से उनका पुलिस व प्रशासन पर पूरा प्रभाव रहता है। जिसकी बदौलत वह शासन, प्रशासन से मिलकर सरेआम धड़ल्ले से अपना धंधा करते रहते हैं। नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ हमारा समाज भी जागरुक नहीं है। नशे की लत के चलते पंजाब जैसा संपन्न प्रांत नशेड़ियों का प्रदेश कहलाने लगा था। वैसी ही स्थिति आज देश के अधिकांश प्रदेशों की हो रही है। नशे को लेकर पंजाब जब सुर्खियों में आया तो पूरे देश का ध्यान उस तरफ गया और वहां नशे के कारोबार पर कुछ हद तक अंकुश लग पाया। वैसा ही हमें पूरे देश में करना होगा तभी नशे की तरफ जा रही हमारी युवा पीढ़ी को भटकने से रोका जा सकेगा।
कहते हैं कि नशा हर अपराध की जड़ होता है। नशेड़ी व्यक्ति कोई भी बुरे से बुरा काम करने से नहीं झिझकता सकता है। अधिकांश अपराध नशे की धुन में ही किए जाते हैं। बढ़ते नशे के प्रचलन को रोकने के लिए हमें सरकार के भरोसे ही नहीं रहना होगा। इसके लिए हमें स्वयं भी प्रयास करने होंगे। हमें देखना होगा कि हमारे परिवार का कोई सदस्य तो नशे की तरफ नहीं जा रहा है। यदि ऐसा है तो हमें समय रहते उस को नियंत्रित करना होगा। यदि सभी लोग ऐसा करने लगेंगे तो धीरे-धीरे नशे की प्रवृत्ति कम होती चली जाएगी और एक समय ऐसा आएगा जब हमारा समाज, हमारा क्षेत्र, हमारा प्रदेश, हमारा देश नशा मुक्त बन सकेगा।
ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) की विश्व ड्रग रिपोर्ट 2022 का अनुमान है कि दुनिया भर में 15-64 आयु वर्ग के लगभग 28.4 करोड़ लोगों ने मादक पदार्थों (ड्रग्स) का सेवन किया था। यह पिछले दशक की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है। हालांकि वैश्विक स्तर पर मादक पदार्थों का सेवन करने वाली महिलाओं की संख्या कम है। इसके बावजूद महिलाओं में मादक पदार्थों के सेवन में वृद्धि दर पुरुषों की तुलना में अधिक है। अवैध मादक पदार्थों पर निर्भर अर्थव्यवस्थाएं मुख्यतः कमजोर कानून व्यवस्था वाले देशों में फल-फूल सकती हैं। इससे देश में संघर्ष की स्थिति पैदा हो सकती है। मध्य-पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया में संघर्ष की स्थिति सिंथेटिक मादक पदार्थों के निर्माण के लिए प्रेरक के रूप में कार्य करती है।
कोका की गैर-कानूनी खेती के लिए वनों की कटाई की जाती है। इसके अलावा सिंथेटिक मादक पदार्थों के निर्माण के दौरान अत्यधिक मात्रा में अपशिष्ट पैदा होता है। ऐसे अपशिष्ट के कारण प्रत्यक्ष रूप से मृदा, जल और वायु पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही इससे अप्रत्यक्ष रूप से सजीव प्राणी और खाद्य श्रृंखलाएं भी प्रभावित होती हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत उपभोगकर्ताओं के मामले में दुनिया के सबसे बड़े अफीम बाजारों में से एक है। साथ ही यहां इसकी आपूर्ति बढ़ने की भी संभावना है। इससे गैर-कानूनी व्यापार और इससे जुड़े संगठित अपराधों के स्तर में बढ़ोतरी हो सकती है।
रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि भारत में युवा इस खतरे से सबसे अधिक प्रभावित हैं। भारत में जब्त की गई सभी अवैध दवाओं में से 60 प्रतिशत से अधिक पंजाब से हैं। एक अध्ययन के अनुसार अधिकांश नशेड़ी 15 से 35 वर्ष की आयु के बीच हैं और कई बेरोजगार हैं। नशीली दवाओं का दुरुपयोग समाज को प्रभावित करने वाला एक गंभीर खतरा है। नशीली दवाओं की लत से अनजाने में चोट लगने, दुर्घटनाएं, घरेलू हिंसा की घटनाएं, चिकित्सा समस्याएं और मृत्यु का उच्च जोखिम होता है। नशीली दवाओं का सेवन करने वालों की आर्थिक क्षमता बुरी तरह प्रभावित होती है। नशीली दवाओं पर निर्भरता से आत्म-सम्मान में भी कमी आती है। निराशा, आपराधिक गतिविधियों और यहां तक कि आत्मघाती प्रवृत्ति को भी जन्म दे सकती है।




भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ नशा मुक्त भारत अभियान या ड्रग्स-मुक्त भारत अभियान 15 अगस्त 2020 से देश के उन 272 जिलों में शुरू किया गया था जो नशीली दवाओं के दुरुपयोग से सबसे अधिक असुरक्षित और प्रभावित पाए गए थे। इसका उद्देश्य शिक्षण संस्थानों के साथ सकारात्मक भागीदारी, जन शिक्षा और स्वच्छता के लिए सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों और उपचार, पुनर्वास और परामर्श सुविधाओं के एकीकरण के द्वारा भारत को एक नशा मुक्त देश बनाना है। भारत ने नशीली दवाओं की समस्याओं को दूर करने के लिए निर्णायक कदम उठाए हैं। हालांकि सरकार के पास व्यापक खाका, प्रतिबद्ध कार्यबल और कई समर्पित कार्यक्रम और नीतियां हैं। लेकिन मौजूदा कार्यक्रमों में और अधिक सुधार करने की जरूरत है।



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

## दुलराओ भोले


भिन्न-भिन्न रूपों में भोले,
जग के पाप हरा करते हैं,
मन-मंदिर में बसते भोले,
जीवन राग भरा करते हैं।
भिन्न-भिन्न रूपों में.....
हम रच-बस जाते हैं भोले,
प्रेम के रंग में मेंहदी जैसे,
आओ तनिक हमें दुलराओ,
मां से ममता मिले है ऐसे।
भिन्न-भिन्न रूपों में ......
अलसाई-सी धरा लगे है,
पत्ता-पत्ता कुम्हलाया -सा,
भोले से हम इतना कहते,
जल बरसाओ मन भर-भर के।
भिन्न-भिन्न रूपों में .....
खिल जाए तन-मन ये सारा,
और धरती श्रंगार करे,
महक उठे मन-उपवन भोले,
तपन हरो कम कर दो शोले।
भिन्न-भिन्न रूपों में ....
सर-सर कर बह रही पवन ये,
कुछ कानों में कह जाती है,
लगता भोले अभी मिले थे,
उसकी मुस्कानें कह जाती हैं।
भिन्न-भिन्न रूपों में .....



कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम
गांधीनगर,
इन्दौर,मध्यप्रदेश

# पिता को समर्पित मंच से पिता को नमन





अंतर्राष्टीय पितृ दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न क्षेत्रों एवं कार्यक्षेत्रों के प्रबुद्धजनों ने प्रभा श्री वेब वार्ता में अपने अपने पिता के प्रति अपने हृदय के उद्गार व्यक्त किये द्य संस्था की अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती ने बताया कि वैसे तो हर दिन माता पिता का होता है, परंतु विशेषकर आज के दिन यह और अधिक आवश्यक हो जाता है कि हम अपने पिता को भाव अर्पित करें । इसी दिशा में यह मंच आयोजित किया गया कार्यक्रम के दौरान सभी ने अपने पिता की विशेषताओं को वर्णित किया तथा किन बातों से वे विशेषतः प्रभावित हैं, यह भी बताया प्रभा श्री फाउंडेशन (काशी) की निदेशक साहित्यकार प्रियंका अग्निहोत्री गीत ने बताया कि प्रभा श्री सतत इस प्रकार के प्रयासों के लिए कटिबद्ध है, तथा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रकल्प करने के लिए संकल्पित है यह संस्था पूर्णतः पिताजी स्व. श्री प्रभा शंकर अवस्थी जी को समर्पित है। इस वेब वार्ता में प्रतिभाग करने वाले आमंत्रित गण के नाम हैं डॉ. दीपक घोष (लखनऊ), डॉ. वनिता शर्मा (दिल्ली), बंदना घोष (लखनऊ), नीरजा शर्मा (गुरुग्राम), शिप्रा भार्गव (वाराणसी), कृष्णा राजपुरोहित (दिल्ली), अंजू रंजन (लखनऊ) संस्था ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सम्मान पत्र प्रदान किये तथा प्रियंका अग्निहोत्री गीत ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया



प्रियंका अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

# कोई नकार ही नहीं सकता-भारत सनातनों की भूमि

नहीं जानती कि, वह भारत की बेटी जो एक विडियो में देखी वो भारत देश की सनातन भूमि के किस हिस्से मे रहती, जो रहती तो भारत देश में ही है परंतु भारत देश के किस शहर में रहती यह नहीं पता, वाकई उसकी आवाज की गर्जना में जो दम था उसे सुनकर अच्छे-अच्छे लोग भी नतमस्तक हो जाएंगे उसी बेटी के समक्ष। उस बेटी ने बात ही ऐसी कह दी थी बिल्कुल निडर होकर पूरी दुनिया के सामने। व्हाट्सएप के एक ग्रुप में उस बेटी का वीडियो आया जब उस वीडियो को मैंने पूरा देखा तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा जानते हैं क्यों? क्योंकि वह वीडियो भारत देश की एक सच्ची, देश के प्रति वफादार बेटी ने बनाया था। आप सब उतावले हो रहे होंगे कि आखिर उस वीडियो में ऐसा क्या था या उस वीडियो के अंतर्गत उस भारत की बेटी ने ऐसा क्या कह दिया जिसने मुझे लिखने के लिए आतुर कर दिया। उस वीडियो के अंतर्गत भारत देश की बेटी किसी निजी समाचार चैनल को अपना इंटरव्यू दे रही है और उस इंटरव्यू के अंतर्गत अपनी बात रखते हुए गरज रही है जैसे कि वह ललकार रही है की आओ और देखो मैं जो साक्ष्य इकट्ठा कर कर लाई हूं उन साक्ष्यों से कोई भी मुकर नहीं सकता है, क्योंकि वह साक्ष्य हकीकत है जो यह साबित करते हैं कि भारत देश सनातन धर्म की भूमि है। इस भूमि पर रहने वाले हिंदी भाषी हिंदू लोग सनातनी हैं ना कि यह दूसरे संप्रदाय की भूमि है वह संप्रदाय जो हमारे भारत देश की भूमि को अपना समझते हुए आए दिन घटिया से घटिया कृत्यों को अंज़ाम दे रहे हैं। दूसरे संप्रदाय के लोग यह सोचते हैं कि अनैतिक तरीके से अनैतिक कृत्यों को कर के हमारे भारत देश की सनातन धर्म भूमि को हथिया कर अपना कब्जा कर लेंगे परंतु उनकी सोच बहुत ही गिरी हुई है। सनातन देश के सनातन वासियों को हमारे ही, धर्म, संस्कृति ने हमें शांत रहने, मिलजुल कर रहने की सीख दिया जाता है। साथ ही यह भी सीख दी है कि हर धर्म का सम्मान करो। मानवता की सेवा ही परम धर्म है। इसलिए हमारे सनातन धर्म के सभी अनुयाई जो कि हिंदू हैं वो शांत हैं। भारत की बेटी ने कहा हमारे भारत देश की भूमि सनातन है इसके लिए जो प्रमाण सामने रखें वह तथ्य जो अचल है जिन्हें कोई उनकी जगह से हिला भी नहीं सकता है जैसे कि हमारे देश के समस्त पर्वत जो कि सम्मानित हिंदू नामों से ही संबोधित किए जाते हैं। जिनकी पहचान हिंदू नाम है जैसे कि हिमालय, नील गिरी पर्वत, विंध्य पर्वत, सतपुड़ा पर्वत आदि। हमारे भारत देश की समस्त प्राकृतिक नदियों के भी नाम बोल कर देखा जाए तो सभी नाम हमारी संस्कृति सभ्यता को दर्शाती हुई हमारे धर्म का सम्मान करती हुई हिंदू नामों से ही बुलाई जाती है जैसे कि मां गंगा नदी, मां सरस्वती नदी, यमुना नदी आदि। यदि गौर दिया जाए तो किसी भी नदी का या किसी भी पर्वत का नाम किसी खास सांप्रदायिक समुदाय के नामों से मेल नहीं खाता है। पुष्प, पेड़ों की भी बात की जाए तो कोई भी ऐसा पुष्प हो या कोई भी ऐसा पेड़ नहीं है जिसका नाम किसी विशेष सांप्रदायिक के नामों से मिलता-जुलता हो। बहुत ही अच्छा और बहुत ही ठोस प्रमाण दिया उस भारत देश की बेटी ने जिसके बारे में यह तो नहीं जानती कि वह कहां और किस शहर में रहती है परंतु आज उस भारत देश की बेटी ने गर्व से सीना भारत देश का ऊंचा कर दिया। साथ ही गर्व है मुझे उस बेटी पर जिसने इतना विस्तृत तरीके से हमारे भारत देश और विशेष सांप्रदायिक के नामों के ऊपर पठन(रिसर्च)कर विचार किया और उसके बाद अपनी बात पूरे देश के सामने गरजते हुए ललकारते हुए रखी। सनातनी धर्मियों के देश में रहकर सनातन धर्म की ही बेटियों को फसाकर उनका बेरहमी से कत्ल कर देना यह तो यही साबित करता है कि ये तो नमक हलाली है उस देश के साथ जो किसी सांप्रदाय को आसरा दिया हुआ है अपने देश की भूमि का हिस्सा देकर। फिर भी जिस देश में जिन सनातनी यों ने सम्मान के साथ जिनको आसरा दिया अपने देश में रहने का हक भी दिया शायद यही सोच कर रख दिया था कि एकता की एक नई मिसाल को कायम किया जाएगा और विश्व को बताया जाएगा की एकता क्या होती है परंतु दूसरे संप्रदाय के लोग मुझे नहीं लगता कि हमारे सनातन धर्म प्रेमियों के स्नेहा, ममता और अपनत्व मेहमान नवाजी के लायक भी है। जिस थाली में खाना उसी में छेद करना शायद यही असूल है दूसरे संप्रदाय के लोगों का। यदि इस भारत देश की बेटी की गर्जना ललकार को सुनने के बावजूद भी हमारे सनातन धर्म प्रेमी खामोश रहते हैं तो शायद एक दिन ऐसा ना हो कि हम खामोश ही रह जाएं और हमारी बहू बेटियां इसी तरह सरे राह पर कत्ल कर दी जाए सच हमारे भारत देश की जिससे कि नहीं वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भेजा है उसे मेरा सलाम है जिसने हमारे हिंदू भाइयों को वीडियो के माध्यम से जागने का ऐलान किया है उठो हिंदू भाइयों पानी सर से ऊपर निकलने लगा है।



वीना आडवाणी तन्वी
नागपुर,महाराष्ट्र

## न्याय और सत्य की जीत

होती होगी न्याय और सत्य की जीत,
तुम्हारे ग्रंथों में,किस्सों में,कहानियों में,
बेबसी में,खुशी में, हंसी में,
पर न्याय और सत्य को हमने
पग पग पर देखा है पराजित होते हुए,
विभाजित होते हुए, कुंठित होते हुए,
तिलमिलाते हुए,धक्के खाते हुए,
घिघियाते हुए,
किताबों की सारी बातें
जरूरी नहीं कि सच हो,
ये तो सिर्फ मजलूमों को
यूं ही बहलाने के लिए है,
पैसों के आगे झुठलाने के लिए है,
देर से मिला इंसाफ
बेइंसाफी से कम नहीं,
सत्ता, रुतबा और धन काफी है
शोषितों के चुप रह जाने के लिए,
गौर जरूर कीजिएगा
इतनी दूर आ चुके समय पर,
तब नजर आएगा
भयावहता और जद्दोजहद से
झूलता हुआ हकीकत।



राजेन्द्र लाहिरी
पामगढ़
छत्तीसगढ़

# गिरगिट से ज्यादा रंग बदलते लोग

आपने अक्सर ही गिरगिट को रंग बदलते हुए देखा होगा पर आज बात करते हैं गिरगिट से ज्यादा रंग बदलने वाले इंसानों की जो आपके संगे बनकर आपके साथ खड़े होने का पलपल दावा करते हैं और कब आपको चोट पहुँचा देते हैं ना जाने कितने रंग बदलते हैं ये लोग आपने कहावत तो जरूर सुनी ही होगी गिरगिट को देखकर गिरगिट रंग बदलता है पर इंसान का रंग बदलना हमे अचंबित कर देता है सामने आपके हर कार्यो की सराहना करने वाले कब आपके पीठ पीछे एक शत्रु बनकर घात लगाए बैठे होते हैं आपको पता भी नहीं चलता आप शायद उनके बदलते रूप को समझने का प्रयास करते ही है की शायद उनका एक नया रूप आपके सामने आ जाता है शायद ही गिरगिट भी इतने रंग ना बदलता हो जितने की आज के समय के इंसान बदलते हैं आप सबको साथ रखने का एक प्रयास तो लगातार करते रहते हैं पर ये कार्य इतना सरिल नहीं होता हैं घात लगाए बैठे आपके शत्रु हर सम्भव प्रयास करते हैं की आप सबकी एकता में फूट डालकर वो अपने षड्यंत्रों में कामयाब हो जाए और शायद कुछ हद तक ऐसा हो भी जाता है हम लोगो के बहकावे में आकर अपनो से ही लड़ने लगते हैं और हमारी एकता को तोड़ने का उनका प्रयास कुछ हद तक कामयाब भी होने लगता हैं कहते हैं ना एकता में ही शक्ति होती है पर क्या किसी की बातों में आकर हमे ऐसा निर्णय लेना चाहिए या उस व्यक्ति को अपनी एकता प्रदर्शित करकर बिन बोले ही उत्तर देना चाहिए हमारे समाज की शायद सबसे बड़ी समस्या ही आपसी फूट है शायद हम लोगो के बहकावे में आ जाते हैं अपनी सोच व समझ से कुछ सोच नहीं पाते जो लोग रंग बदलते हैं वो कभी किसी के भी संगे नहीं हो सकते उनका कार्य ही होता है आपस में फुट करवाना पर गलती हमारी स्वम् की होती है हमें सुननी तो सबकी ही चाहिए पर एक बार अपने दिल की भी जरूर सुने स्वामी विवेकानंद जी ने भी कहा है की ÷दिल और की टकराव में हमेशा दिल की सुने÷हमारा दिमाग शायद ही किसी के बहकावे में आ जाए पर हमारा दिल कभी झूठ नही बोलता रंग बदलते लोग अक्सर ये भूल जाते हैं की शायद हमे कोई नहीं देख रहा हम किसी के रास्ते मे कितने भी गड्ढे क्यो नहीं खोदे हमे कोई नहीं देख सकता हमने तो गड्ढे रात में खोदे है ना जब सब सो थे पर शायद हम ये भूल जाते हैं की ईश्वर तो सब देख रहे हैं हिसाब तो सभी का होता है आज नहीं तो कल ऐसे व्यक्तियों से हमे हमेशा ही सावधान रहना चाहिए कब किसे कहा चोट दे दे पता भी नहीं चलेगा इनसे बचने का बस एक ही मंत्र है ÷एकता में शक्ति÷ जब कभी हम सब साथ मे होते हैं तो एक व्यक्ति हमारा अकेले होने के कारण कुछ बिगाड़ नहीं पाता है पर जब हम आपसी फुट के कारण अलग अलग टुकड़ों में हो जाते हैं तो शायद जीत उस व्यक्ति की होती है अब निर्णय आपका अपना की एकता में रहकर साथ चलना चाहते हैं या टुकडो में बटकर अलग अलग एक बार एक विषय पर अवश्य सोचे शायद कुछ हद तक हमारी बात आपकी समझ आ जाए जिस प्रकार धागे में मोती को पिरोकर एक सुंदर माला बन जाती है वो माला बहुत ही मूल्यवान होती है जिस धागे का लोग सोचते हैं कोई मोल नहीं होता वो ही धागा सारे मोतियों को एक साथ जोड़कर रखता है अगर ये माला टूट जाती है तो धागे का अस्तित्व भी खत्म हो जाता है और साथ ही उन मोतियो का कुछ मूल्य नहीं रह जाता अगर किसी भी कार्य को हम सब मिलकर एक माला के मोतियों की तरह करे तो शायद ये रंग बदलते लोग हमारे बीच आपसी लड़ाई नहीं करवा पाएंगे और जीत हम सबकी होगी अब निर्णय आपका आप अपने दिल की पुकार सुनते है की दिमाग की एक बार पुनः इस विषय पर सभी विचार अवश्य करे अब निर्णय आपका है की आप बिखरे हुए मोतियों की भांति बनना चाहते हैं जिनका कोई अस्तित्व नहीं होता है या एक माला में गूथकर अपने अस्तित्व को पहचान दिलाते हुए सबसे मूल्यवान , बेश कीमती ,अनमोल बनना चाहते हो।






राखी उपासना कौशिक
धामपुर बिजनौर

# इमोजी का कमाल

## लड़की का किया बुरा हाल

आप सब आश्चर्यचकित हो गए होगें , कि आखिर लेखिका मुस्कान केशरी नें ऐसा विषय क्यों लिखा हैं - इमोजी का कमाल : लड़की का किया बुरा हाल । यें काल्पनिक नही बल्कि एक सच्ची घटना पर आधारित हैं। आज के समय में मोबाइल का इस्तेमाल सभी कर रहें चाहें वों जन्म लिया हुआ 1 साल का बच्चा हों या 90 साल के कोई बढ़ा । मोबाइल तों अब सब चलते हैं , मगर सही सें चलाना, समझना या इस्तेमाल करना अभी भी नही आता हैं बहुतों कों । एक बार की बात हैं जब एक महिला की बेटी का नया - नया रिश्ता लगा था। यह बात उस महिला नें अपने रिश्तदारों कों बता रही थी। तों सभी नें लड़का कों देखना चाहा तब उस महिला नें एक बच्ची कें व्हॉट्सएप्प नबंर पर अपनी बेटी और दमाद का फोटों भेज दिया। यहाँ भी सभी नें खुशी सें फोटों कों लोड किया और फोटों देखनें लगे । तभी उस बच्ची नें सोचा कि कुछ जबाब दिया जाए, तब उसनें उस महिला कों कोंग्रेट्स लखकर मैसेज कर दिया। उस बच्ची नें मैसेज किया और पढ़नें-लिखनें वाली थी ,तों वों अपनें काम में लग गई । मगर उस महिला नें गलत समझ लिया और उस बच्ची कें माँ कों , अपनें पति , बच्चों और रिश्तदारों में यें बताया कि उस बच्ची नें मेरे दमाद का मजाक उड़ाया। हँसता हुआ दाँत निकला हुआ बोला हैं । बच्ची यह सब सुनकर मैसेज डिलिट कर दी।जिसके कारण आज तक उस बच्ची कों और उसके परिवार कों सुनना पड़ता हैं । इसलिए मेरा अनुरोध हैं मोबाइल चलाए तों हर चीज का मतलब समझें , हर इमोजी का अपना मतलब होता हैं। मोबाइल चलाए तों समझदारी दिखाएँ।



मुस्कान केशरी
मुजफ्फरपुर बिहार

## चलो नशा को हम नकारें

चलो नशा को हम नकारें,
समाज को नशा से बचाएँ
यह नशा, नाश की जड़ है
इसे जन-जन को समझाएँ।
जहरीले जर्दो से नाता तोड़ें
मादक-व्यसनों से मुख मोड़ें
स्वस्थ-सुखी यह समाज बने
ऐसा सुंदर भारत-देश बनाएँ।
नशा मुक्त यह भारत बनाएँ
यह संकल्प चलो हम दुहराएँ
हर घर-परिवार में आए शान्ति
यह संदेशा चलो हम फैलाएँ।
नशा को जड़ से जब मिटाएंगे
समाज तभी स्वस्थ बना पाएँगे
भय-मुक्त स्वस्थ समाज बनेगा
तभी सद्भावना हम ला पाएँगे।
चलो जागरूक नागरिक बनें
और यह जागरूकता फैलाएँ
खुद बचें,औरों को, भी बचाएँ
इस नशे से समाज को बचाएँ।



अशोक पटेल
आशु
शिवरीनारायन
(छत्तीसगढ़)

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# तहसीलदार बैठती हैं एयर कंडीशनर में और तहसील आने वाले बैठते हैं पेड़ की छांव में

## पद बड़ा है या मानवता ? सूरजपुर तहसील कार्यालय करोड़ों का राजस्व वसूलने वाला कार्यालय माना जाता है और वहां पर आने वाले को नहीं मिलती कोई सुविधा

» क्या गर्मी सिर्फ तहसीलदार व उनके कर्मचारियों को ही लगती है जिनके टैक्स से उनको तनख्वाह मिलती है क्या उन्हें नहीं लगती गर्मी ?

» क्या कार्यालय का काम सिर्फ राजस्व जुटाना या फिर वहां आने वालों को बेहतर सुविधा देना भी है ?

» यदि कार्यालय का औचक निरीक्षण किया जाए तो समझ में आ जाएगी वहां पर आने वाले लोगों की परेशानी








-ओंकार पाण्डेय-
सूरजपुर,25 जून 2023

**(घटती-घटना)।** तहसील कार्यालय से शासन को बहुत बड़ा राजस्व देता है और यह राजस्व उस क्षेत्र की जनता से मिलते हैं जो राजस्व लेने के लिए जिम्मेदार अधिकारी बैठे हैं उन्हें गर्मी ठंडी और बरसात समझ में आती है, गर्मी में तहसील कार्यालय में बैठे तहसीलदार व कर्मचारियों को गर्मी लगती है जिसके लिए ऐसी कूलर की व्यवस्था की गई है ठंडी में ठंड के समय रूम हीटर तक की व्यवस्था हो जाती है बरसात में उन्हें दिक्कत ना हो इसके लिए हुए फोर व्हीलर में आते हैं यहां तक कि शासन ने उन्हें सरकारी गाड़ी भी उपलब्ध करा रखी है, ताकि लोगों का काम नियम से हो सके और लोगों को परेशान ना होना पड़े पर सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि सूरजपुर जिले के मुख्यालय तहसील कार्यालय सूरजपुर में जिनसे राजस्व मिलना है जिन्हें प्रतिदिन इस कार्यालय में अपने कार्य के लिए आना है उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं है गर्मी में जहां तहसीलदार एसी में बैठते हैं तो वही लोगों को एक पेड़ की छाया के नीचे बैठकर अपने कार्य होने का इंतजार करते हैं। जिन लोगों से राजस्व मिलता है उन्हीं के लिए सुविधाओं का अभाव है जबकि राजस्व देने वाले की वजह से ही तहसील कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी व तहसीलदार को वेतन मिलता है इसके बावजूद वहां पर आने वाले पक्षकारों के लिए उत्तम व्यवस्था तो छोड़िए गर्मी में ना छाया की व्यवस्था होती है और ना ही उनके लिए शीतल जल की, उल्टा राजस्व न्यायालय में आने वाले लोगों को अपने काम के एवज में घूस के तौर पर अर्थदंड भी देना पड़ता है यह बात किसी से छुपी नहीं है अपने ही दस्तावेजों के लिए टेबल के नीचे से गांधीजी वाले छपी नोट को बाबू व कर्मचारियों को देना पड़ता है, चाहे वह काम सही हो या फिर गलत, तहसील कार्यालय में जाने वाले लोगों से यदि मिल लिया जाए और उनका दुख दर्द समझा जाए तो समझ में आता है कि वहां पर जमीन के मामले किस कदर गरीब व आम लोगों को परेशान होना पड़ता है।

कार्यालय में भू माफियाओं का जमघट लगा होता है और आम आदमी वहां पर परेशान होते देखा जा सकता है किसी के जमीन पर कोई कब्जा कर लिया है तो किसी को धोखे में देकर किसी की जमीन बेच दिया है जैसे कई मामले राजस्व में पढ़े हुए हैं जहां पर निष्पक्ष तरीके से कार्यवाही तो नहीं दिखती पर लोगों की परेशानियां वहां पर जरूर बड़ी होती है परेशानियां उन्हीं के नहीं पड़ती है जो टेबल के नीचे से मोटी रकम देते हैं टेबल के नीचे से जो रकम नहीं देता वह परेशानी से जूझता है अब जिस से काम करवाना है तो वह भी करे तो करे क्या टेबल के नीचे से देना ही उचित समझता है बिना टेबल के नीचे से दिए कोई काम नहीं होता यह एक धारणा बन चुकी है और इसी धारणा पर अधिकारी व कर्मचारी चल रहे हैं और यह चलते भी रहेंगे क्योंकि इनके मनोबल बढ़ चुके हैं और इनके मनोबल को कम करने वाला कोई नहीं है, जिन्हें जनता प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनकर अपना मसीहा बनाती है वह भी इन्हीं लोगों के पैरवी में लगे होते हैं जनता की पैरवी से उन्हें कोई मतलब या सरोकार नहीं होता।

**क्या सिर्फ राजस्व वसूलना ही प्राथमिकता है लोगों को बिना परेशानी उनका काम करना क्या प्राथमिकता नहीं ?**

तहसील कार्यालय में वह दिन कब आएगा जब लोगों का काम बहुत आसानी से बिना टेबल के नीचे से दिए बिना हो जाएगा ऐसा रामराज कब आएगा इसका इंतजार आज भी लोगों को है पर यह रामराज किसकी सरकार में आएगा यह बड़ा सवाल है, इस समय लोगों की जमीन पर भूमाफिया की गीत वाली नजर लोगों को परेशान कर रखी है, जिन लोगों से राजस्व आना है उन लोगों के लिए कार्यालय में कोई सुविधा नहीं है बिना पैरवी के आम लोगों का काम तो होना मुश्किल है।

### क्या गर्मी अधिकारी व कर्मचारी को लगती है ?

सूरजपुर तहसील कार्यालय में एक बहुत बड़ा सवाल लोगों के जहन में घूम रहा है वह सवाल इसलिए घूम रहा है क्योंकि इस बार काफी भीषण गर्मी पड़ रही थी और तहसीलदार के कमरे में एसी लगा हुआ है कर्मचारियों के लिए कूलर की व्यवस्था थी पर वही अपने राजस्व से जुड़े मामलों के लिए आने वाले लोग इस भीषण गर्मी में एक पेड़ की छांव का सहारा लिए बैठे रहते थे वह तो शुक्र है उस प्रकृति का जिसे उसने उस पेड़ को लोगों के लिए गर्मी का सहारा बना दिया था, जहां तहसीलदार व कर्मचारियों के लिए शीतल जल के लिए दुकानों से खरीद कर पानी मुहैया हो जाती है वही वहां पर आने वाले लोगों को पेयजल तक की समस्या से जूझना पड़ता है, व्यवस्था लोगों के लिए जीरो है बस वहां पर आने वाले लोगों से उनके कार्यों के नाम पर सिर्फ वसूली होती है। बिना दान दक्षिणा के तहसील कार्यालय में आसानी से किसी का काम नहीं होता और खासकर उन लोगों का तो बिल्कुल नहीं जो काफी गरीब है जो पढ़े लिखे नहीं हैं ऐसे लोगों के साथ उल्टा कई परेशानियां खड़ी हो जाती हैं। गरीब तबके के लोगों के लिए किसी का सोर्स पैरवी भी नहीं आता।

## सरगुजा में मानसून खुश,दो दिन के अंदर 36.4 मिमी हुई बारिश



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,25 जून 2023

**(घटती-घटना)।** सरगुजा संभाग में मानसून की बारिश ने किसानों को खुश कर दिया है। अंबिकापुर सहित पूरे प्रदेश में मानसून की शुरूआत शनिवार से ही हो गई है। मानूसन की शुरूआत होते ही सरगुजा संभाग में पिछले दो दिनों से झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग के माने तो अंबिकापुर में शनिवार को 17.6 मिमी बारिश हुई वहीं रविवार को 18.8 मिमी बारिश होने से पिछले दो माह से तप रही धरती की प्यास बुझनी शुरू हो गई है। वहीं किसान अब खेती किसानी का काम शुरू कर दिए हैं। गौरतलब है कि उत्तरी छत्तीसगढ़ में मानसून ने दस्तक दे दी है। मानसून की शुरूआत शनिवार से ही हो गई है। इसके बाद से बारिश का बौछार जारी है। दो दिनों से जिला मुख्यालय अंबिकापुर सहित आस पास के क्षेत्रों में झमाझम मानसून की बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश से जहां एक ओर मौसम सुहाना हो गया है वहीं शहर के कुछ क्षेत्रों में नाली की पान सडक़ पर आ जाने से परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के माने तो अंबिकापुर में शनिवार को 17.6 मिमी बारिश हुई वहीं रविवार को 18.8 मिमी बारिश होने से पिछले दो माह से तप रही धरती की प्यास बुझनी शुरू हो गई है। वहीं किसान अब खेती किसानी का काम शुरू कर दिए हैं। सरगुजा में मानसून की बारिश शुरू होने से किसानों में उत्साह का माहौल है। पहली मानसूनी बारिश से खेतों में पानी भरना भी शुरू हो गया है। वहीं किसान खेतों की जुताई में जुट चुके हैं। यानी किसान अब पूरी तरह से खेती किसानी में जुट चुके हैं। वहीं खाद-बीज खरीदने का दौर शुरू हो गया है। किसान खाद बीच खरीदने शहर पहुंच रहे हैं। शहर के खाद-बीच दुकानों में किसानों की भीड़ देखी जा रही है। अंबिकापुर सहित आस पास के क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से रूक-रूक कर बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के कई क्षेत्रों में विद्युत कटौती का लोगों का सामना करना पड़ा। शाम के समय में विजली गुल रहने से लोगों के घरों में पानी सप्लाई पर भी असर पड़ा। वहीं विद्युत विभाग द्वारा हल्की बारिश में भी विद्युत कटौती किए जाने से लोगों में नाराजगी देखी गई।

## कार से उतरते ही मासूम बच्ची को बाइक ने मारी टक्कर,मौत

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,25 जून 2023

**(घटती-घटना)।** कार से उतरते ही मासूम को मोटरसाइकिल चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। इससे मासूम की मौत हो गई।
जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के रघुनाथपुर निवासी प्रज्ञा दुबे 6 वर्ष के पिता शौनाथ ने बताया कि रविवार को ससुराल मैनपाट परिवार को लेने गया था। परिवार को लेकर वापस कार से लौट रहे थे। तभी दरिमा के नावानगर के पास गुड़ खरीदने कार रोका गया। जहां 6 वर्षीय मासूम बाथरूम करने कार से उतरी और रोड क्रॉस करते समय दरिमा की ओर से नावानगर की ओर जा रहे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार द्वारा ठोकर मारकर ऐक्सिडेंट कर मौके से फरार हो गया। परिजन द्वारा मासूम बच्ची को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अम्बिकापुर लाया गया जहां मौत हो गई।

## इस बारिश में भी टपकते छत व अव्यवस्थाओं के बीच जर्जर भवनों में शिक्षा ग्रहण करेंगे हैं बच्चे

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,25 जून 2023




**(घटती-घटना)।** सरगुजा में स्कूली बच्चे इस सत्र में भी अभाव व परेशानियों के बीच अपना भविष्य गढने् को मजबूर होंगे, क्योंकि जिले में 14 सौ स्कूल भवनों का काम अधूरा ही है। जबकि नए शिक्षा सत्र 26 जून से शुरू होने वाला है। बारिश का मौसम सिर पर है, इस स्थिति में बच्चे टपकती छत और अव्यवस्थाओं के बीच शिक्षा ग्रहण करेंगे।
गौरतलब है कि नए शिक्षण सत्र की शुरुआत 26 जून से शुरू होने वाली है। वहीं बारिश का मौसम सिर पर है। ऐसे में जिले में नए स्कूल भवनों का निर्माण व मरम्मत का काम पूर्ण नहीं होने के कारण इस सत्र में भी बच्चों को बारिश के मौसम में काफी परेशानियों के बीच शिक्षा ग्रहण करनी पड़ेगी। जिले में 2050 स्कूल हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में पहले चरण में 716 स्कूलों में मरम्मत का काम चल रहा है। वहीं 102 स्कूलों में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य चल रहा है। पहले चरण में भी अब तक एक भी स्कूल भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। जिला शिक्षा अधिकारी का मानना है कि जल्द स्कूल भवनों मरम्मत का काम पूर्ण हो जाएगा। जानकारी के अनुसार पिछले शिक्षण सत्र में जिले के 52 ऐसे स्कूल थे जो वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में संचालित किए जा रहे थे। ये सभी स्कूल आंगनबाड़ी, पंचायत भवन सहित अन्य स्थानों पर वैकल्पिक व्यवस्था में चल रहे थे। ऐसे स्कूलों में इस शिक्षण सत्र में अगर व्यवस्था नहीं दी जाती है तो बच्चों को पुन- पूराने ढर्रे पर ही अपना भविष्य गढऩा पड़ेगा।

### दूसरे व तीसरे चरण का काम अभी शुरू नहीं

जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे ने बताया कि पहले चरण में 716 स्कूलों में मरम्मत का काम चल रहा है। वहीं 102 स्कूलों में अतिरिक्त कक्षा का निर्माण चल रहा है। इसके अलावा दूसरे चरण में 456 स्कूलों में मरम्मत का काम शुरू कराया जाएगा। तीसरे चरण में 130 स्कूलों में अतिरिक्त भवन का निर्माण कार्य कराया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार अब तक एक भी स्कूल भवन की मरम्मत व नए भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। वहीं दूसरे व तीसरे चरण का काम अब तक शुरू भी नहीं हुआ है।

### प्रक्रिया में हुआ विलंब

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत व निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। टेंडर सहित अन्य प्रक्रिया पूर्ण होने में विलंब होने के कारण समय पर काम पूर्ण नहीं हो सका है। पहले चरण में 1172 स्कूलों में काम चल रहा है। निर्माण कार्य जल्द पूर्ण होने की उम्मीद है।



## छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ 4 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

-संवाददाता-
सूरजपुर, 25 जून 2023

**(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय निकाय के आह्वान पर 4 जुलाई 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल को सफल बनाने हेतु जिला अध्यक्ष इंद्रसेन विश्वकर्मा जी के नेतृत्व में जिले के सभी ब्लॉकों में टीम गठित कर संघ पदाधिकारियों द्वारा दौरा कर कर्मचारियों को हड़ताल को सफल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा जा रहा है। विदित हो कि वर्तमान सरकार के चार वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद अभी तक अपनी चुनावी घोषणापत्र में किए वादों को पूरा नहीं किया गया न ही स्वास्थ्य कर्मचारियों के विभिन्न वाजिब मांगों का ही गंभीरता से निराकरण किया जा रहा है,वर्तमान सरकार द्वारा लगातार कर्मचारी हित की अनदेखी करने के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने स्वास्थ्य विभाग के सभी नियमित अनियमित कर्मचारियों के 24 सूत्रीय मांगो को लेकर 7 जुलाई से अनिश्चितकालीन आंदोलन का घोषणा किया है,जिसमे मुख्य रूप से वेतन विसंगति दूर करने ,अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने,चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान देने , पुलिस विभाग की तरह प्रदेश के समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों को13 माह का वेतन देने की मांग प्रमुख है । इस प्रदेश व्यापी काम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल से प्रदेश के समस्त मेडिकल कॉलेज ,जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र ,के कर्मचारी काम बंद कर हड़ताल पर रहेंगे। सूरजपुर जिले में हड़ताल को सफल बनाने के लिए संघ के वरिष्ठ पदाधिकारीगण जिसमें आर पी राजवाड़े, नरेंद्र ठाकुर,सबीना मंसूरी, अयोध्या जायसवाल, विद्याचरण पटेल,अमित चौरसिया, अमर सिंह उच्चारिया,मुकेश राजवाड़े, राकेश, राम प्रताप, मारूति नंदन, दीप्ती निशा,सुनीता श्रेष्ठ, दलगर राजवाड़े, हेम मिश्रा,राबर्ट लकड़ा, सुरेंद्र सोरी,दिनेश राजवाड़े वके अलावा जिले के समस्त संघ पदाधिकारी अपना अधिकतम योगदान दे रहे हैं।

## हल चलाने के दौरान बैल ने किसान पर किया हमला,मौत

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,25 जून 2023

**(घटती-घटना)।** हल चलाने के दौरान बैल ने किसान पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से किसान खेत में ही बेहोश हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाए। यहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।
जानकारी के अनुसार शिवचरण यादव उम्र 63 वर्ष कोतवाली थाना क्षेत्र के खैरबार का रहने वाला था। वह रविवार की सुबह घर के पास ही बाड़ी में हल चला रहा था। तभी अचानक एक बैल किसान पर हमला कर दिया। बैल के हमले में गंभीर चोट लगने से वह खेत में ही बेहोशहो गया। परिजन ने देखा तो उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाए। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बारिश का मौसम शुरू होते ही जमीन पर रेंगने लगी मौत,सर्पदंश से बालिका की गई जान

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,25 जून 2023



**(घटती-घटना)।** बारिश का मौसम शुरू होते ही सरगुजा में सांपों का आतंक बढ़ जाता है। विशेषकर ग्रामीण इलाकों में जमीन में सोने के दौरान लोग सर्पदंश के शिकार हो जाते हैं और अपनी जान गवांते हैं। इस वर्ष भी सरगुजा संभाग में सर्पदंश के मामले सामने आने शुरू हो गए हैं। शहर से लगे ग्रामीण इलाका बांसा स्कूल पारा में शनिवार की रात एक बालिका जमीन में सोने के दौरान सर्पदंश के शिकार हो गई और चांद घंटों में ही उसकी घर में ही मौत हो गई। मामले में कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार 10 वर्षीय प्रमिला पिता भीठर दास कोतवाली थाना क्षेत्र के बांसा स्कूल पारा की रहने वाली थी। शनिवार की रात खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य जमीन में बिस्तर लगाकर सोए थे। बालिका भी माता-पिता के साथ जमीन में सोई थी। रात करीब 1 बजे अचानक बालिका उठकर रोने लगी। रोने की आवाज सुनकर परिजन उठे और लाइट जलाकर देखते तो बिस्तर के पास गेहुआं सांप था। परिजन ने तत्काल डंडे से सांप को मार दिए। वहीं परिजन ने बालिका को देखा तो उसके दाहिने गाल पर सांप के काटने का निशान था। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रही रहे थे कि घर में ही उसकी मौत हो गई।

## कुछ वर्दीधारियों ने एक युवक की बेरहमी से की पिटाई,सोशल मीडिया में वीडियो हुआ वायरल

-ओंकार पाण्डेय-
सूरजपुर,25 जून 2023



**(घटती-घटना)।** सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है,, जिसमें कुछ वर्दीधारी एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर रहे हैं, इस घटना के बाद पीड़ित युवक और उसके परिजन इतना डरे हुए हैं कि वह इस मामले की शिकायत करने तक की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं, वही पीड़ित युवक गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है,,पीड़ित टोमिन राम, इसका कुसूर मात्र इतना था कि यह घूमने के लिए एसईसीएल के गायत्री कोयला खदान जा पहुंचा था, जिसके बाद सीआईएसफ के जवानों ने इसे पकड़ लिया और कोयला चोरी का आरोप लगाते हुए इसकी सरेआम बेरहमी से पिटाई कर दी, इतना ही नहीं उनके द्वारा इस मारपीट का वीडियो बनाया गया और इसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया, कई घंटों तक बंधक रखने के बाद आखिरकार उसे छोड़ दिया गया, वह किसी तरह घर पहुंचा और अपनी आपबीती अपने परिजनों को बताई, बताया जा रहा है उसके शरीर में काफी गंभीर चोटें आई हैं, पीड़ति के अनुसार मारपीट के दौरान उसे अश्लील गाली दी गई और घुटनों पर चलाया गया, पीड़ित युवक इतना डरा हुआ है कि वे इस घटना की शिकायत करने थाने तक नहीं जा रहा है,।

## महिला के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाने वाले आरोपी को थाना सूरजपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर,25 जून 2023

**(घटती-घटना)।** सूरजपुर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीते 1 जून के बाद अज्ञात व्यक्ति फोन कर उससे अश्लील बात करता है और एक फेसबुक एकाउन्ट बनाकर उसमें मेरा फोटो लगाया है जो मेरा नहीं है। प्रार्थियां की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 509(ख) भादसं व 66(सी) आईटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।
मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने आरोपी की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश थाना प्रभारी सूरजपुर को दिए। थाना सूरजपुर की पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान नई तकनीक की मदद लेते हुए जानकारी निकाला जो पाया कि आरोपी मुकिम मोहम्मद उम्र 23 वर्ष निवासी सिंगरौली मध्यप्रदेश के द्वारा फर्जी आईडी बनाया है जिसे दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया जिससे घटना में प्रयुक्त मोबाईल जप्त कर गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, निरीक्षक नीलाम्बर मिश्रा, एसआई पियुष चन्द्रा, प्रधान आरक्षक विवेकानंद सिंह,



आरक्षक अखिलेश पाण्डेय, हरिशंकर सिंह, युवराज यादव व रौशन सिंह सक्रिय रहे।

## गांजा के पौधों के साथ एक गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर, 25 जून 2023

**(घटती-घटना)।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने जिले में नशीले पदार्थ के क्रय-विक्रय पर अंकुश लगाने एवं अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने को लेकर पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है जिसके बाद लगातार ऐसे कारोबारियों पर कार्यवाही जारी है।
बीते दिन थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम भरदा निवासी लोकनाथ सिंह अपने बाडी में अवैध मादक पदार्थ गांजा का पौधा लगाया है जिसकी सूचना से पुलिस अधीक्षक सूरजपुर को अवगत कराए जाने पर उन्होंने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। थाना प्रतापपुर की पुलिस ने मुखबीर सूचना की तस्दीकी व कार्यवाही हेतु मौके पर पहुंची जहां लोकनाथ सिंह पिता स्व. गणेश सिंह उम्र 38 वर्ष को तलब कर उसके बाड़ी से 10 नग गांजा का पौधा कीमत 1,54,272 रूपये का पाए जाने पर उसे जप्त कर धारा 20(ए)(आई) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर किशोर केरकेट्टा, एसआई नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, घुनेश्वर केरकेट्टा, भूपेन्द्र पोर्ते, सरिता टोप्पो, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, अवधेश कुशवाहा, हरिचंद दास, निरंजन व रामपाल सक्रिय रहे।

## अमेरिका में रेल पुल ढहने से मालगाड़ी के कई टैंकर नदी में गिरे

**– डामर और सल्फर पानी में बहा, कई इलाकों में वॉटर सप्लाई बंद**

वाशिंगटन । अमेरिका के मोंटाना राज्य में येलोस्टोन नदी पर बना एक पुल शनिवार तड़के ढह गया, जिससे खतरनाक सामग्री ले जा रही मालगाड़ी के कुछ डिब्बे नीचे तेज पानी के बहाव में गिर गए। स्टिलवॉटर काउंटी की आपदा और इमरजेंसी सेवाओं ने कहा कि मालगाड़ी के टैंकरों में गर्म डामर और पिघला हुआ सल्फर लदा था। दुर्घटना के बाद खतरे का मूल्यांकन करते समय अधिकारियों ने नदी के नीचे के बहाव वाले इलाकों में पीने के पानी की सप्लाई बंद कर दी। एक रिपोर्टर ने कुछ टैंकरों से एक पीला पदार्थ निकलते देखा। काउंटी की इमरजेंसी सेवाओं के प्रमुख डेविड स्टैमी ने कहा कि साइट पर काम कर रहे कर्मचारियों के लिए तत्काल कोई खतरा नहीं है। ट्रेनों में लदी खतरनाक सामग्री की मात्रा उफनती नदी के कारण कम हो रही है। नदी में तीन डामर टैंकर और चार सल्फर के टैंकर गिरे थे। वही मोंटाना रेल लिंक के प्रवक्ता एंडी गारलैंड ने एक बयान में कहा कि ट्रेन का चालक दल सुरक्षित है और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि ठंडे तापमान के संपर्क में आने पर डामर और सल्फर दोनों तेजी से जम जाते हैं। बताया गया है कि बिलिंग्स से लगभग लगभग 64 किलोमीटर पश्चिम में कोलंबस शहर के पास स्टिलवॉटर काउंटी में हुई इस रेल दुर्घटना के बाद रेलकर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए थे। यह इलाका येलोस्टोन नदी घाटी के कम आबादी वाले हिस्से में है, जो रेंच और खेतों से घिरा हुआ है। वहां नदी येलोस्टोन नेशनल पार्क से काफी दूर बहती है, जो लगभग 177 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में स्थित है। गारलैंड ने कहा कि हम इस घटना के कारण इलाके पर किसी भी संभावित असर से निपटने और दुर्घटना के पीछे के कारणों को समझने के लिए उसके हिसाब से काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जबकि हाई-स्पीड इंटरनेट सेवा देने वाले ग्लोबल नेट ने कहा कि पुल ढहने से राज्य में कई ग्राहकों को इंटरनेट सेवा देने वाली फाइबर-ऑप्टिक केबल भी टूट गई। बहरहाल पुल के टूटने के कारणों की जांच की जा रही है। हाल की भारी बारिश से नदी उफन गई थी। यह साफ नहीं है कि इसके कारण ही पुल टूटा है या किसी और कारण से टूटा है।

## अल्पसंख्यकों को बनाया निशाना, पेशावर में सिख दुकानदर की गोली मारकर हत्या

पेशावर । पाकिस्तान के पेशावर में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है, यहां एक सिख दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जबकि एक दिन पहले भी एक सिख व्यक्ति की हत्या के प्रयास का मामला सामने आया था। मिली जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय मनमोहन सिंह के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्ति की खैबर पख्तूनख्वा में पेशावर के रशीद गढ़ी बाजार में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इससे एक बार फिर पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा हो गया। इससे पहले शुक्रवार को पेशावर में तरलोक सिंह नाम के एक सिख दुकानदार को अज्ञात लोगों ने गोली मार दी थी, लेकिन वह जान बचाने में कामयाब रहे। सोशल मीडिया पर यह खबर खूब चल रही है। हालांकि मानवतावादी समूह यूनाइटेड सिख के ट्विटर पर इस घटना के बारे ट्वीट किया गया। ट्वीट में कहा गया है कि 'मनमोहन सिंह पेशावर के रशीद गढ़ी में एक किराने की दुकान चलाते थे और अपने परिवार के लिए कमाने वाले एकमात्र व्यक्ति थे। इससे जहां एरिया में सनसनी फैल गई, वहीं सिख समुदाय में भी भारी रोष व्याप्त हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना उस वक्त हुई जब मनमोहन अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे। उसी समय दो मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने पहले उनका पीछा किया और फिर उन पर गोलियां चला दीं, इसके बाद उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनके परिवार में पत्नी, एक बच्चा, बुजुर्ग माता-पिता, एक बहन और एक विकलांग भाई है। मानवतावादी समूह यूनाइटेड सिख्स ने कहा कि वे पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए राज्य विभाग के हस्तक्षेप की मांग करने के लिए अन्य समूहों के साथ पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तानी सरकार से इन हमलों के अपराधियों को सजा दिलवाने के हर संभव प्रयास करेंगे। यूनाइटेड सिख्स ने आगे कहा कि हत्या का यह पैटर्न बहुत डरावना है, नापाक साजिश का हिस्सा लगता है। सिख 1947 से पाकिस्तान में शांति से अल्पसंख्यक के रूप में रह रहे हैं। अचानक कड़ी मेहनत करने वाले सिखों पर ये घातक हमले हो रहे हैं? उनके पीछे कौन है? संदेश क्या है?' गौरतलब है कि कि लगभग 300 सिख परिवार, जिनमें अधिकतर पश्तून सिख हैं, वर्तमान में पेशावर की कॉलोनियों में रह रहे हैं। समुदाय के सदस्य लगातार हिंसा के खतरे में जी रहे हैं, हाल के वर्षों में उन्हें कई बार निशाना बनाया है इसके लिए कार्रवाई होनी चाहिए।

## सैनिकों में महिलाओं की भागीदारी पर संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा की बैठक

जिनेवा । सैनिकों में महिलाओं की भागीदारी को लेकर संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा समिति की बैठक होने जा रही है। जानकारी के अनुसार संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा प्रमुख जीन-पियरे लैक्रोइक्स दिसंबर में घाना में होने वाली मंत्रिस्तरीय बैठक संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा में महिलाएं के लिए बांग्लादेश में तैयारी करने जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि 5 दिसंबर से अकरा में शुरू होने वाले दो दिवसीय संयुक्त राष्ट्र मंत्रिस्तरीय सत्र से पहले ढाका सम्मेलन ऐसी चार बैठकों में से पहली है। ढाका बैठक 26 जून को समाप्त होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हक ने कहा कि बांग्लादेश, कनाडा और उरुग्वे द्वारा सह-आयोजित तैयारी सत्र में सेना और पुलिस में योगदान देने वाले देशों के प्रतिनिधियों और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना विशेषज्ञों को सुनना है, जो संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में महिलाओं की सार्थक भागीदारी को बढ़ावा देने और लिंग को बढ़ावा देने के लिए प्रगति, चुनौतियों और अच्छी प्रथाओं पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से, अवर महासचिव लैक्रोइक्स 27 जून से 3 जुलाई के बीच आयोजित संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में शामिल होंगे। इसके लिए अन्य देशों के समर्थन पर बैठक करने वह नेपाल व भूटान जाएंगे।

## पत्नी को डिनर में ड्रग्स देकर अंजान लोगों से करवाता था रेप, वीडियो भी बनाए

पेरिस । फ्रांस के शहर मजान में एक शख्स अपनी पत्नी के डिनर में ड्रग्स देकर अंजान लोगों से उसका रेप करवाता पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार उसने अपनी पत्नी को सैकड़ों बार दुष्कर्म का शिकार बनवाया तथा इस वारदात की पति ने वीडियो भी बनाई। मीडिया में आई खबर के मुताबिक इस सनकी पति के पास से कुल 83 ऐसे वीडियो बरामद हुए हैं। खास बात यह है कि जिन लोगों ने इस हैवान की पत्नी से साथ संबंध बनाए वो ना तो पति को जानते थे और ना ही पीड़ित महिला को। आरोपी पति की पहचान डोमिनिक पी के रूप में हुई है। वो इंटरनेट के माध्यम से एक ऐसे ग्रुप के साथ जुड़ा हुआ था जहां 'बिना सहमति के सेक्स' पर चर्चा होती थी। इस ग्रुप का शीर्षक था 'विदाउट हर नोइंग' यानी महिला की जानकारी के बिना उसके साथ संबंध बनाना। इस ग्रुप के सदस्य ऐसी महिलाओं के साथ संबंध बनाते थे जो महिला को पहले से नहीं जानते थे। डोमिनिक ने सभी फिल्मों को अपनी यूएसबी ड्राइव में सेव किया हुआ था। इस ड्राइव के फोल्डर का नाम था 'एब्यूज' यानी शोषण करना दे रखा था। डोमिनिक अपनी पत्नी के डिनर में 'लोराजेप्म' नामक ड्रग्स मिला देता था। इसके असर के बाद पत्नी गहरे नशे में होती थी। उसे पता ही नहीं चलता था कि उसके साथ क्या हो रहा है। पुलिस ने इस मामले में फिलहाल 51 युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सभी को कस्टडी में ले लिया गया है। महिला के साथ रेप के कुल 92 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। यह सभी घटनाएं साल 2011 से 2020 के बीच हुई। बताया गया कि गिरफ्तार किए गए सभी 51 आरोपियों की उम्र 26 से 73 साल के बीच है। इन आरोपियों में नेताओं से लेकर फायर सर्विस से जुड़े अधिकारी, जेल का गार्ड, नर्स और पत्रकार शामिल हैं। इनमें से 33 लोग साल 2021 तक जेल जा चुके है। अभी भी ऐसे बहुत से आरोपी हैं जिनकी पहचान नहीं हो सकी है। दरअसल, घर के पास एक मार्केट में डोमिनिक कुछ महिला की स्कर्ट की फिल्म बना रहा था। शिकायत होने पर उसे गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद उसके द्वारा की गई इन सभी घटनाओं का खुलासा हो सका है।





सिंगापुर में समलैंगिक समुदाय के प्रति समर्थन के लिए पिंग डॉट इवेंट में भाग लेते हुए लोग।

## प्रथम विश्व युद्ध के भारतीय शहीदों को पीएम मोदी ने किया नमन

काहिरा । पीएम नरेंद्र मोदी ने मिस्र की राजधानी काहिरा में स्थित हेलियोपोलिस वॉर मेमोरियल का रविवार को दौरा किया। यह हेलियापोलिस वॉर मेमोरियल भारत के लिए काफी खास है। बताया जाता है कि प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हुए करीब चार हजार सैनिकों की वीरगाथाएं आज भी इस वॉर मेमोरियल पर दर्ज हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी यहां पहुंचकर इन सैनिकों को नमन किया और इन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा ऐतिहासिक अल हाकिम मस्जिद का दौरा किया। मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंचने के बाद वह पीएम मोदी का उनके समकक्ष मुस्तफा मैडबौली ने स्वागत किया। हेलियापोलिस वॉर मेमोरियल या युद्ध कब्रिस्तान, पोर्ट टेवफिक में स्थित है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां पर प्रथम विश्व युद्ध में लड़ने वाले करीब 4,000 भारतीय सैनिकों के नाम अंकित हैं। हेलियोपोलिस कब्रिस्तान उन 1,700 कॉमनवेल्थ सैनिकों की भी याद दिलाता है जो द्वितीय विश्व युद्ध में मारे गए थे। यह स्मारक उन 3,727 भारतीय सैनिकों की याद में बनाया गया है जो प्रथम विश्व युद्ध में मिस्र और फिलिस्तीन के कई अभियानों में लड़ते हुए शहीद हो गए थे। गौरतलब है कि पोर्ट टेवफिक स्मारक का अनावरण सन् 1926 में किया गया था। यह स्वेज नहर के मुख्य द्वार पर स्थित है। पोर्ट टेवफिक को अब पोर्ट स्वेज के नाम से जाना जाता है। सन् 1967 के इजरायली-मिस्र युद्ध में मिस्र के सैनिकों के पीछे हटने के कारण इस स्मारक को नष्ट कर दिया गया था। सन् 1980 में हेलियोपोलिस कॉमनवेल्थ वॉर मेमोरियल के तहत मिस्र और फिलिस्तीन के लिए प्रथम विश्व युद्ध के तहत जान गंवाने वाले भारतीय सैनिकों की याद में इसे फिर से तैयार किया गया। इतिहासकारों के मुताबिक भारतीय सैनिकों ने मिस्र और फिलिस्तीन में स्वेज नहर को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# पीएम मोदी पहुंचे काहिरा, किया एक हजार साल पुरानी अल-हाकिम मस्जिद का दौरा

**काहिरा (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मिस्त्र की राजधानी काहिरा स्थित अल-हकीम मस्जिद का दौरा किया। बताया जा रहा है कि यह मस्जिद एक हजार साल पुरानी है। इसे यूनेस्को ने विश्व विरासत सूची में भी शामिल किया हुआ है। इतिहासकारों के मुताबिक 11वीं सदी की यह मस्जिद काहिरा में दाऊदी बोहरा समुदाय के लिए बहुत ही ज्यादा सांस्कृतिक महत्व रखती है। इस समुदाय की मदद से ही इस मस्जिद का निर्माण किया गया था। फरवरी में इस मस्जिद को दोबारा खोला गया था। हालांकि कई विशेषज्ञ हजारों साल पुरानी इस मस्जिद में पीएम मोदी की यात्रा को काफी अलग तरीके से देख रहे हैं। उनका कहना है कि मिस्त्र आकर इस मस्जिद का दौरा करना द्विपक्षीय संबंधों में गेम चेंजर साबित होगा। उन्होंने पीएम मोदी के इस दौरे की तारीफ की है। बता दें कि सन् 1997 के बाद कोई भारतीय पीएम मिस्त्र की यात्रा पर गया है।

यह मस्जिद मिस्त्र के मुसलमानों के लिए सबसे पवित्र स्थलों में से एक है। मस्जिद, अल-मुइज स्ट्रीट के पूर्वी तरफ स्थित है। जानकारी के अनुसार, दाऊदी बोहरा इस्माइली शिया संप्रदाय ने मस्जिद के लिए स्थानीय मुद्रा में करीब 85 मिलियन पाउंड का दान दिया। इस साल फरवरी में इसे जनता के लिए दोबारा खोल दिया गया। मस्जिद के रेनोवेशन का श्रेय भारतीय बोहरा समुदाय के सुल्तान मुफद्दल सैफुद्दीन और उनके आध्यात्मिक नेता 53वें अल-दाई अल-मुतलक को जाता है। राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी के प्रवक्ता बासम राडी ने बताया



कि राष्ट्रपति ने कई मंदिरों और ऐतिहासिक मस्जिदों के नवीनीकरण के लिए उनका आभार जताया है। इस मस्जिद का निर्माण, मिस्त्र के तुलुनिद साम्राज्य के संस्थापक अहमद इब्न तुलुन ने 879 ईस्वी में शुरू कराया था और यह 1013 में पूरा हुआ। यह मिस्त्र की चौथी सबसे पुरानी मस्जिद और काहिरा में दूसरी सबसे बड़ी मस्जिद है।

हालांकि समय गुजरने के साथ ही मस्जिद काफी जर्जर हो गई थी। यहां पर 19वीं और 20वीं दी में मिस्त्र में यूरोप से पर्यटकों का आना शुरू हो गया। तब इसके परिसर को एक किले, अस्तबल, एक संग्रहालय, एक गोदाम और एक स्कूल में बदल दिया गया था। सन् 1979 में, इसके एक हिस्से को काहिरा में मौजूद यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था।

## आईएमएफ पैकेज हासिल करने के प्रयास में पाकिस्तानी जनता पर लदेंगे टैक्स

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की जनता के लिए आने वाले दिन बड़े मुसीबत भरे होने वाले हैं। क्योंकि अब गहरे आर्थिक संकट में घिरी सरकार भयंकर टैक्स लादने वाली है। जानकारी के अनुसार इस समय शहबाज सरकार अंतरराष्?ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के रुके हुए राहत प्रोग्राम को शुरू करने की जद्दोजहद में लग गई है। क्योंकि आईएमएफ पैकेज को हासिल करने के सरकार का यह आखिरी प्रयास होगा। इस पैकेज के लिए सरकार वित्तीय वर्ष 2024 के लिए अपने बजट में कई बदलाव करने पर सहमत हुई है। देश के वित्त मंत्री इशाक डार ने संसद में इस बात की जानकारी दी है। इसके साथ ही कई नए कर भी जनता पर थोपने की तैयारी है। डार ने सांसदों से कहा, पेंडिंग रिव्यू को पूरा करने के अंतिम प्रयास के तहत पाकिस्तान और आईएमएफ के बीच विस्तृत बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि अगले महीने से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए, सरकार 215 अरब रुपए के नए कर लगाएगी। साथ ही खर्च में 85 अरब रुपए की कटौती करेगी। उनका कहना था कि इसके साथ ही राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए कई और उपाय भी किए जाएंगे।

गौरतलब है कि फ्रांस की राजधानी पेरिस में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आईएमएफ की मुखिया क्रिस्टालिना जॉर्जीवा से मुलाकात की थी। वित्त मंत्री की तरफ से यह ऐलान उस मीटिंग के एक दिन बाद ही किया गया है। साल 2019 में आईएमएफ की विस्तारित फंड सुविधा (ईएफएफ) 30 जून को खत्म हो रही है। इसमें अब एक ही हफ्ता बचा है। इस साल फरवरी में कर्ज राहत कार्यक्रम के लिए आईएमएफ और पाकिस्तान सरकार के बीच नौंवी समीक्षा के लिए मीटिंग हुई थी। 6.5 अरब डॉलर के कर्ज के लिए हुई रिव्यू मीटिंग बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई।

पाकिस्तान, नवंबर 2022 से ही 1.1 अरब डॉलर की मदद राशि को हासिल करने की कोशिशें कर रहा है। पाकिस्तान 215 अरब रुपए वाले नए कर लगाने के लिए राजी हो गया है। ईएफएफ के तहत 9वीं समीक्षा को पूरा करने के लिए आईएमएफ के अधिकारियों के साथ तीन दिनों तक चली बातचीत के बाद इस पर रजामंदी बनी है।

## पीएम मोदी की राजकीय यात्रा दोनों देशों के संबंधों के 'नए साहसिक अध्याय' की शुरुआत: गार्सेटी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजकीय यात्रा को इतिहास में भारत-अमेरिका संबंधों के "नए साहसिक अध्याय" की शुरुआत के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह दो देशों के बीच रिश्ते से कहीं बढ़कर है, "यह सच्ची व गहरी दोस्ती है।" गार्सेटी (52) ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, " मुझे लगता है कि यह यात्रा इतिहास में परिस्थिति बदलने वाली और अमेरिका तथा भारत के संबंधों में एक नए साहसिक अध्याय की शुरुआत के रूप में दर्ज की जाएगी। यह वर्षों तथा दशकों की कड़ी मेहनत का फल है।"

उन्होंने कहा कि यह (संबंध) उम्मीदों से काफी आगे निकल गए हैं, चाहे वह प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच व्यक्तिगत संबंध हो, चाहे वह सरकारों द्वारा किए गए व्यापक कार्य हों या चाहे वह लोगों, उद्योगपतियों, सांस्कृतिक नेताओं आदि के बीच के संबंध हों। गार्सेटी ने कहा, " यह भविष्य के बारे में है। मुझे लगता है कि अमेरिका और भारत ही भविष्य हैं, जो एक साथ मजबूती से खड़े हैं और हम दुनिया को कैसे अधिक समृद्ध बना सकते हैं उसकी राह दिखा रहे हैं..." गार्सेटी ने कहा कि इस यात्रा में शांति, समृद्धि, ग्रह और लोग चार पहलू मुख्य रहे। गार्सेटी ने कहा," यह अब एक सर्वव्यापी रिश्ता है। यह एक रिश्ते से कहीं बढ़कर है। यह सच्ची व गहरी दोस्ती है।"

# लगभग 80 सेंटीमीटर पूर्व की ओर झुक गई धरती

**–क्या पृथ्वी का बिगड़ेगा बैलेंस? आएगी तबाही**

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** इंसानों द्वारा ग्राउंडवॉटर की बेतहाशा पंपिंग से पृथ्वी दो दशकों से भी कम वक्त में 4.36 सेंटीमीटर/प्रतिवर्ष की स्पीड से लगभग 80 सेंटीमीटर पूर्व की ओर झुक गई है। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार जलवायु मॉडल के आधार पर, वैज्ञानिकों ने पहले अनुमान लगाया था कि 1993 से 2010 तक मनुष्यों ने 2,150 गीगाटन भूजल पंप किया था।

जो समुद्र के स्तर में 6 मिलीमीटर (0.24 इंच) से अधिक वृद्धि के बराबर था। लेकिन इस अनुमान की पुष्टि करना कठिन है। शोध में यह भी सामने आया है कि ज्यादातर ग्राउंट वॉटर दुनिया के दो क्षेत्रों- अमेरिका के पश्चिमी इलाके और उत्तर-पश्चिमी भारत में इस्तेमाल किया गया है। अध्ययन का नेतृत्व करने वाले और सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी के एक भूभौतिकीविद् वेन सेओ का कहना है कि भूजल के रिडिस्ट्रिब्यूशन से रोटेशनल पोल के बहाव पर सबसे ज्यादा असर होता है।



मालूम हो कि भारत में पंजाब और हरियाणा के इलाकों में खेती के लिए बड़े पैमाने पर भूजल का उपयोग बीते कई सालों से किया जा रहा है। शोधकर्ता मानते हैं कि पानी को एक जगह से निकालकर अमूमन नदियों और समुद्रों में ही बहाया जा रहा है। वेन सेओ ने आगे कहा कि पृथ्वी का घूर्णन ध्रुव वास्तव में बहुत बदलता है। हमारे अध्ययन से पता चलता है कि जलवायु से संबंधित कारणों में, भूजल का पुनर्वितरण वास्तव में घूर्णी ध्रुव के बहाव पर सबसे बड़ा प्रभाव डालता है। भूजल का स्थान इस बात के लिए मायने रखता है कि यह ध्रुवीय बहाव को कितना बदल सकता है। मध्य अक्षांश से जल के पुनर्वितरण का घूर्णी ध्रुव पर बड़ा प्रभाव पड़ता है।

वेन सेओ ने कहा कि देशों द्वारा भूजल की कमी दर को धीमा करने का प्रयास, विशेष रूप से उन संवेदनशील क्षेत्रों में, सैद्धांतिक रूप से बहाव में परिवर्तन को बदल सकता है। लेकिन केवल तभी जब इस तरह के संरक्षण का दृष्टिकोण दशकों तक बना रहता है। बता दें कि दुनिया में पानी एक ऐसी जरूरी चीज है कि उसके बिना पृथ्वी पर जीवन सोचा ही नहीं जा सकता है। पूरी दुनिया जमीन से पानी निकालकर अपनी प्यास मिटा रही है और जरूरत पूरी कर रही है। लेकिन हमने धरती से इतना पानी निकाल लिया है कि पृथ्वी की हालत खराब हो गई है।

# रूस में बगावत हुई ठंडी, वैगनर चीफ से पुतिन का हुआ समझौता

**–इससे पहले भी कई बार रूस में विद्रोह भड़कने से स्थिति बिगड़ने की नौबत आई**

**मॉस्को (एजेंसी)।** पुतिन और प्रिगोझिन के बीच समझौता होने से रूस में बगावत की आग ठंडी हो गई है। गौरतलब है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ यूक्रेन में जंग लड़ रहे भाड़े के सैनिकों वाले वैगनर ग्रुप के मुखिया येवगेनी प्रिगोझिन ने खुली बगावत कर दी। लड़ाकों ने शनिवार सुबह यूक्रेन छोड़ दिया और रूसी राजधानी मास्को की तरफ कूच शुरू कर दिया। इसके बाद दिनभर घटनाक्रम बदलता रहा। शुरू में रूस के कई शहरों में अराजकता का माहौल बन गया। हालांकि शनिवार देर रात एक बार फिर से स्थिति बदली। शनिवार देर रात रूस और प्रिगोझिन के बीच समझौते की खबर आई। दोनों के बीच बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको द्वारा समझौता कराया गया। अब इस समझौते के तहत प्रिगोझिन बेलारूस जाएंगे। हालांकि प्रिगोझिन के बगावत का एलान करते ही तख्तापटल और गृहयुद्ध की संभावना बढ़ गई थी। लेकिन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी खूब प्रयास किया। फिर भी अराजकता का माहौल खड़ा हो गया। लेकिन रूसी सरकार और प्रिगोझिन के बीच बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको द्वारा समझौते के तहत अब प्रिगोझिन बेलारूस जाएंगे।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि 'लुकाशेंको ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सहमति से मध्यस्थता की पेशकश की थी, क्योंकि वह प्रिगोझिन को लगभग 20 वर्षों से व्यक्तिगत रूप से जानते थे।' इसमें कहा गया है कि प्रिगोझिन ने कहा कि उन्होंने अपनी सेना को आदेश दिया है, जो रक्तपात से बचने के लिए मॉस्को की ओर बढ़ रहे थे और अपने ठिकानों पर लौट आए। वहीं रूस भी समझौते के लिए तैयार हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार येवगेनी प्रिगोझिन ने बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको की मध्यस्थता में हुए समझौते के तहत मॉस्को में अपनी सेना के मार्च को रोकने का फैसला किया। इसलिए सशस्त्र नेतृत्व करने वाले वैगनर नेता के खिलाफ लगाए गए सभी आरोप वापस लिए जा रहे हैं। दिमित्री पेसकोव ने आगे कहा कि प्रिगोझिन बेलारूस जाएंगे, और उनके साथ विद्रोह करने वाले सेनानियों पर उनकी 'मोर्चे पर सेवा' को देखते हुए कानून द्वारा मुकदमा नहीं चलाया जाएगा। यह बात तब सामने आई जब बेलारूसी राष्ट्रपति ने कहा कि वह प्रिगोझिन के साथ 'तनाव कम करने' के समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

यह पहली बार नहीं था कि रूस में विद्रोह भड़का हो। इसके पहले भी कई मर्तबा यहां विद्रोह भड़क चुका है। 1989 में बर्लिन की दीवार गिरने के बाद से रूस द्वारा पिछले सबसे बड़े खतरों पर नजर डालें तो पता चलता है कि 1991 में भी ऐसा हो चुका है। अगस्त 1991 में सोवियत संघ के पतन से चार महीने पहले, राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव यूएसएसआर बनाने वाले 15 गणराज्यों को बड़े पैमाने पर स्वायत्तता प्रदान करने वाली संधि पर हस्ताक्षर को रोकने के लिए सत्ता पर कब्जा करने के कम्युनिस्ट कट्टरपंथियों के असफल प्रयास से बच गए। गोर्बाचेव क्रीमिया में अपने घर पर छुट्टियां मना रहे थे, जब 19 अगस्त को उन्हें केजीबी, सोवियत गुप्त पुलिस ने बंदी बना लिया। इस दौरान मॉस्को की सड़कों पर भी सैनिक और टैंक तैनात किए गए थे। अगले तीन दिनों में, रूसी लोकतंत्र की रक्षा के लिए हजारों लोग सड़कों पर उतर आए।

सोवियत गणराज्यों की स्वतंत्रा के दो साल बाद, 21 सितंबर और 4 अक्टूबर 1993 के बीच, येल्तसिन ने खुद को और भी बड़े संकट के केंद्र में पाया, जब कट्टरपंथी कम्युनिस्ट और राष्ट्रवादी प्रतिनिधियों ने एक खूनी विद्रोह का नेतृत्व किया जो संसद पर टैंकों के हमले के साथ समाप्त हुआ। महीनों के राजनीतिक गतिरोध के बाद विद्रोह भड़क उठा, जब येल्तसिन ने सर्वोच्च सोवियत को भंग करने के एक डिक्री पर हस्ताक्षर किया। संसद समर्थकों ने व्हाइट हाउस के अंदर विद्रोही सांसदों के साथ मोर्चाबंदी कर ली, जबकि येल्तसिन के विरोधियों ने बाहर प्रदर्शन किया। विद्रोहियों ने मॉस्को के मेयर के कार्यालयों पर कब्जा कर लिया और राज्य टेलीविजन केंद्र के एक हिस्से पर कब्जा कर लिया।

व्हाइट हाउस की 18 मंजिला इमारत की पूरी मंजिलें मलबे में तब्दील हो गई और विद्रोह कर रहे नेताओं को जेल में डाल दिया गया। इस दौरान मारे गए लोगों की संख्या आधिकारिक तौर पर 148 बताई गई है, हालांकि विद्रोहियों ने दावा किया है कि लगभग 1,000 लोग मारे गए। उस साल दिसंबर में, राष्ट्रपति की शक्तियों को बढ़ाने वाला एक नया संविधान जनमत संग्रह द्वारा अपनाया गया था। इस तरह से रूस का विद्रोह ऐतिहासिक तौर पर पूरी दुनिया जानती है।

CMYK

# क्या बकरा भात कार्यक्रम का भुगतान स्वेच्छानुदान की राशि से हुआ?

## पूर्व विधायक का नाम लेने पर हो रही विधायक की किरकिरी,भाजपा सहित अन्य विपक्षी दलों ने कहा विधायक की जमीन खिसक चुकी है...

» स्वेच्छानुदान राशि के बंदरबांट मामले में घिरे मनेंद्रगढ़ विधायक,सफाई देने दिवंगत विधायक को भी बताया लाभार्थी

» दिवंगत पूर्व भाजपा विधायक को भी की थी मदद मनेंद्रगढ़ विधायक ने यह कहकर पेश की सफाई

» पार्षद परिवार के सात सदस्यों को स्वेच्छानुदान देने मामले में भी दी सफाई कहा पार्षद की मां हैं बीमार इसलिए दी राशि

» क्या अन्य किसी जरूरतमंद की भी इसी तरह मदद की है विधायक ने,क्या दिया है एक से ज्यादा बार स्वेच्छानुदान?

» क्षेत्र में हजारों हैं जरूरतमंद क्या उनका भी विधायक ने रखा है इसी तरह ख्याल

» क्या विधायक मनेंद्रगढ़ से स्वेच्छानुदान लेने कांग्रेस पार्टी का सदस्य होना है अनिवार्य?

-रवि सिंह-

मनेंद्रगढ़/चिरमिरी 25 जून 2023 (घटती-घटना)। मनेंद्रगढ़ विधायक स्वेच्छानुदान राशि लेकर पूर्व में भी सुर्खियों में रहें हैं और अपना चेहरा चमकाने उन्होंने पूर्व में भी स्वेच्छानुदान राशि के बंदरबांट को तव्वजो दी है जो पूर्व में देखने को मिल चुका है जब उन्होंने पत्रकारों को भी स्वेच्छानुदान राशि जारी कर अपने प्रभाव में लेने का प्रयास किया था और जिसमे से कुछ खुद्दार पत्रकारों ने स्वेच्छानुदान की राशि लौटा दी थी और वह विधायक के मुंह पर किसी तमाचे से कम नहीं था। वहीं अभी जारी स्वेच्छानुदान राशि की बात की जाए या पूर्व में जारी स्वेच्छानुदान की मनेंद्रगढ़ विधायक ने जितनी बार भी राशि जारी की या अनुशंसा की हर बार कांग्रेस नेताओं या उनके परिवार को ही राशि मिली किसी गरीब या जरूरतमंद की मदद नहीं हो सकी यह लगातार देखने को मिला।




मनेंद्रगढ़ विधायक अब अपनी गलती सुधारने साथ ही आम जनता गरीब जनता के बीच अपनी साख बचाने सफाई देते नजर आ रहे हैं और दिवंगत पूर्व भाजपा विधायक को दी गई सहायता की दुहाई दे रहें हैं। वैसे मनेंद्रगढ़ विधायक पूजा पर्व अवसरों पर भी काफी चर्चित रहें हैं और पूजा या किसी सार्वजनिक आयोजन मामले में किसी को चंदा देना हो तो नगर निगम को पत्र लिखकर या टोकन जारी कर भुगतान करवाते हैं यह पिछले पूजा आयोजनों के चंदा भुगतान के समय उजागर हुआ है जब उन्होंने समितियों को भुगतान निगम से कराया जहां उनकी पत्नी ही महापौर हैं। कुल मिलकर विधायक जी सब कुछ जनता के पैसे से ही उनके हित के पैसे से ही करना जानते है जो उनकी पुरानी कहानी बताती है वहीं स्वेच्छानुदान भी वह उन्हे ही देते हैं जो कांग्रेस पार्टी का सदस्य हो और उनका समर्थक हो जो इस बार के स्वेच्छानुदान भुगतान से भी जाहिर हुआ।

### गरीब के हक पर विधायक ही जब डालने लगेंगे डाका कैसे फिर होगा गरीबों का भला

बताया यह भी जा रहा है की स्वेक्षानुदान के बहाने विधायक ने कई मामलों का भुगतान किया है और वह भुगतान उनके चेहरा चमकाने के लिए किए गए आयोजन थे इसीलिए एक ही परिवार के कई सदस्यों के नाम से स्वेच्छानुदान जारी की गई है। अब सवाल यह भी उठता है की जब विधायक ही गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए जारी शासन की योजना स्वेच्छानुदान योजना जो उनके जरूरत पर उन्हे दी जानी है का बंदरबांट करेंगे तो गरीबों का भला कैसे होगा।

एक ही परिवार के 7 सदस्यों को दिया विधायक ने स्वेच्छानुदान,स्वेच्छानुदान लेने वाला परिवार कांग्रेस पार्षद का परिवार

मनेंद्रगढ़ विधायक ने अभी तक जब भी स्वेच्छानुदान राशि जारी की है उन्होंने ज्यादातर मामलों में अपना चेहरा चमकाने के लिए ही यह राशि जारी की है जो देखा जाता रहा है। पत्रकारों को भी उन्होंने स्वेच्छानुदान राशि जारी की थी वहीं पूर्व में भी उन्होंने कांग्रेस पार्टी के लोगों को ही स्वेक्षानुदान राशि का भुगतान किया है। विधायक ने इस बार भी पार्षद साथ ही एम आई सी सदस्य के परिवार के 7 लोगों को एक साथ स्वेक्षानुदान का भुगतान किया है जो दर्शाता है की किस तरह जरूरतमंदों के हक पर डाका डाला जा रहा है।


आखिर कब तक गरीबों और जरूरतमंदों के हक पर नेता डालते रहेंगे डाका?

### कांग्रेस के लोगों को ही जब स्वेच्छानुदान राशि की सबसे ज्यादा जरूरत फिर इसे पार्टी अनुदान क्यों नहीं घोषित करते विधायक

मनेंद्रगढ़ विधानसभा में यदि कांग्रेस पार्टी के लोगों को ही स्वेच्छानुदान राशि की सबसे ज्यादा जरूरत है और पार्षद सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी जिन्हे स्वेच्छानुदान राशि दी गई यदि वही सबसे ज्यादा गरीब और जरूरतमंद हैं तो विधायक इसे पार्टी अनुदान क्यों नहीं घोषित करते यह भी विपक्ष की मांग है। विपक्ष ने कहा है की स्वेच्छानुदान की जगह इस योजना का नाम पार्टी कार्यकर्ता अनुदान रख देना चाहिए और फिर आराम से पार्टी के ही लोगों को भुगतान करना चाहिए।

### बकरा भात कार्यक्रम जो विधायक ने अपना चेहरा चमकाने आयोजित किया था क्या उसका किया गया स्वेच्छानुदान मद से भुगतान,आरोप

वहीं स्वेच्छानुदान मद की राशि से विधायक के चेहरा चमकाने के लिए आयोजित बकरा भात कार्यक्रम के खर्च का भुगतान किया गया यह भी आरोप विधायक पर लग रहें हैं। विपक्ष का आरोप है की विधायक जिनकी जमीन अब खिसक चुकी है लगातार क्षेत्र में बकरा कटवा रहें हैं और लोगों को लालच में लाकर बकरा भात खिलाकर अपने लिए माहौल बना रहें हैं।

### वहीं इन सभी कार्यक्रमों का भुगतान स्वेच्छानुदान मद से हो रहा है यह आरोप लग रहा है

दिवंगत पूर्व भाजपा विधायक को किए गए आर्थिक मदद का जिक्र कर विधायक दे रहे हैं सफाई- स्वेच्छानुदान बंदरबांट मामले में जब मनेंद्रगढ़ विधायक घिरते नजर आए और उनके ऊपर जब आम लोगों गरीब लोगों के हक का पैसा अपना चेहरा चमकाने का आरोप लगने लगा विधायक खुद की सफाई में पूर्व दिवंगत भाजपा विधायक को उनके इलाज के लिए किए गए आर्थिक मदद का भी जिक्र करते देखे और सुने गए। विधायक अब अपनी करनी छिपाने के लिए दिवंगत लोगों को की गई मदद का भी जिक्र करने से पीछे नहीं हट रहें हैं। विधायक को फिलहाल कांग्रेस नेताओं पार्षदों सहित पत्रकारों को दी गई स्वेक्षानुदान राशि को लेकर स्पष्टीकरण देना चाहिए लेकिन वह अपनी सफाई में और घिरते हुए नजर आ रहें हैं और अब आम गरीब और जरूरतमंद लोग उनकी तरफ सवालिया निगाहों से देख रहें हैं और सवाल कर रहें हैं की क्या गरीबों का हक इसी तरह अपना चेहरा चमकाने में प्रयोग करेंगे विधायक।

### कई विपक्ष के नेताओं ने दिवंगत विधायक के मामले में बयान देने पर मनेंद्रगढ़ विधायक को घेरा

बता दें की भाजपा के पूर्व विधायक दिवंगत दीपक पटेल जो अपने जीवन के अंतिम समय में काफी गंभीर रूप से बीमार चल रहे थे और उन्हे शायद जैसा वर्तमान विधायक ने इस दौरान स्वेक्षानुदान मद से मदद भी थी मामले में विधायक द्वारा अपनी सफाई में सहायता को लेकर बात को जगजाहिर करने मामले में कई विपक्षी दलों के नेताओं ने वर्तमान विधायक के इस कृत्य की आलोचना की है और इसे दिवंगत पूर्व विधायक के प्रति गलत संदेश प्रसारित करने वाला बताया है वहीं विधायक अपनी खिसकती जमीन बचाने ऐसा कर रहें है यह भी विपक्ष के नेताओं ने आरोप लगाया।

### स्वेच्छानुदान मामले में गरीबों का हक संपन्न लोगों को देने का खामियाजा भुगत चुके हैं पूर्व बैकुंठपुर विधायक, हुई थी चुनाव में हार


बात स्वेच्छानुदान को संपन्न लोगों को भुगतान करने की हो तो पूर्व बैकुंठपुर विधायक साथ ही तत्कालीन सरकार में कैबिनेट मंत्री इसका खामियाजा भुगत चुके हैं और पिछले चुनाव में केवल इसी मुद्दे पर वह जनता के सामने खड़े नहीं हो पाए थे और उन्हे हार का मुंह देखना पड़ा था। इस बार मनेंद्रगढ़ विधायक इस मामले में सुर्खियों में हैं और उनका स्वेच्छानुदान केवल उनका ही चेहरा चमकाने प्रयोग किया गया है यह लगातार देखा गया है। अब विधायक आम गरीब लोगों के बीच किस मुंह से समर्थन मांगने जाएंगे यह देखने वाली बात होगी क्योंकि उन्होंने गरीबों का हक अपनी ही पार्टी के नेताओं और संपन्न लोगों को दे दिया है।

# ग्राम चनवारीडान्ड की शासकीय उचित मूल्य की दुकान निरस्त

» उचित मूल्य दुकान संचालक ने खाद्य अधिकारी पर घूस मांगने का लगाया आरोप

-संवाददाता-

मनेंद्रगढ़, 25 जून 2023 (घटती-घटना)। शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत चनवारीडान्ड का निरस्त कर दिया गया जिस पर संचालक ने खाद्य अधिकारी पर घूस मांगने का बड़ा आरोप गया है, जानकारी के अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत चनवारीडान्ड दुकान आईडी क्रमांक 532002043 निरस्त संचालक श्रीनिवास तिवारी द्वारा संचालन 3 साल 6 महीने पूरे हो चुके हैं। कोई शिकायत नहीं आई, कोरोना काल में ग्राम पंचायत चनवारीडान्ड पंचायत को उचित मूल्य की दुकान से 6 कुंटल राशन पंचायत को दिया गया है। जिसका भुगतान ग्राम पंचायत चनवारीडान्ड






से लेना बाकी है। ऐसा संचालक तिवारी का कहना है। व्यक्तिगत ग्राम पंचायत के पांच से सात लोगों को हमारे दुकान चलाने से काफी तकलीफ हो रही थी। हितग्राहियों से झूठी शिकायत एवं अपने शुभचिंतक प्रेस मीडिया में झूठी खबर फैलाकर मुझे बदनाम किया गया।

दुकान संचालक श्रीनिवास तिवारी ने लगाया बड़ा आरोप- जिला खाद्य अधिकारी कमिशन के पैसा देने के एवज में पीडीएस संचालकों से 20 प्रतिशत कर रहे थे माग जो खड़गवां के दुकान दार को खरी खोटी सुनाई, दुकान निरास्त करने की धमकी भी दी दुकानदार ने अपने जिलाध्यक्ष के पास आवेदन दे रखा हैं दुकान निरस्त न कर देने की डर से ये बात किसी को नहीं बताई सिर्फ दुकानदारों को पता था अब कहां किसी के माध्यम से मेरे पास खबर आई है खाद्य अधिकारी ने 80 हजार रुपए की मांग की अगर यह पैसा अगर व्यवस्था कर देते हैं तो आपकी दुकान फिर आपके नाम हो जाएगी, ऐसा तिवारी का कहना है। वही हमने राशन पर हितग्राहियों को 2 दिन से राशन नहीं मिला है फूड इंस्पेक्टर का कहना है। जल्द ही राशन वितरण का कार्यक्रम हो जायेगा।

कई दुकानें बिना बहाली के चल रही है- श्रीनिवास तिवारी जी ने कहा कई दुकानें बिना बहाली के चल रही है नवीन जिला नहीं बना है तब से चल रही है उस पर खाद्य अधिकारी आज तक कार्यवाही नहीं किए और अभी तक उसी महिला के द्वारा दुकान चल रही अपनी चुप्पी साधे क्यों बैठे हुए हैं? क्या वहां से उन्हें मोटा रकम प्राप्त हो चुका है जिस पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई जो की उनके अधिकार क्षेत्र में हैं। शासकीय उचित मूल्य दुकान का कमीशन जो कि मार्च तक का आ चुका है अन्य जिलों में पूरा पेमेंट हो चुका है लेकिन एमसीबी जिला का कमीशन क्यों नहीं दिया जा रहा है? संचालक को इस विषय पर गुमराह किया जा रहा है।

# युवा कांग्रेस कोरबा लोकसभा के नवनियुक्त प्रभारी चंदन राय ने ली विधानसभा की बैठक

» बैकुंठपुर के पीडब्लूडी रेस्ट हाऊस में किया गया बैठक

» बैठक में कई गंभीर मुद्दों पर हुई चर्चा

-संवाददाता-

बैकुंठपुर,25 जून 2023 (घटती-घटना)। कोरिया युवा कांग्रेस कोरबा लोकसभा के नवनियुक्त प्रभारी चंदन राय का विधानसभा की बैठक बैकुंठपुर पीडब्लूडी रेस्ट हाऊस में हुआ सम्पन्न, बैठक में कई गंभीर मुद्दों पर हुई चर्चा। आपको बता दे कि भारतीय युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ कोरिया के पदाधिकारी महत्वपूर्ण बैठक पीडब्लूडी रेस्ट हाऊस में संपन्न हुआ, जहा भारतीय युवा कांग्रेस कोरबा के नवनियुक्त प्रभारी÷ चन्दन कुमार राय ने कोरिया जिले के सभी युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों की मीटिंग ली और युवाओ में जोश भरने का काम किया,और मुख्य तीन विषयों पर चर्चा कर कार्य करने के निर्देश दिये, जिसमे यूथ जोड़ों, बूथ जोड़ों, भूपेश है तो भरोसा है, हर बूथ पर 5 यूथ कार्यकर्ताओं की नियुक्ति, सभी ग्रामीणों को कांग्रेस सरकार की योजनाओं लाभ दिलाने के लिए नियुक्ति हेतु दिशा निर्देश दिए, जिसमें जिले के सभी युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भी पूर्ण सहयोग करने कहा,जिसमें उपस्थित होने वाले पदाधिकारी निम्न हैं युवा कॉंग्रेस कोरबा के प्रभारी चंदन राय, प्रदेश महासचिव संजीव काजू सिंह, सीनियर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अजय सिंह, राम सजिला यादव जिलाध्यक्ष कोरिया, सुजीत सोनी उपाध्यक्ष कोरिया, संतोष कुमार सूर्यवंशी जिला उपाध्यक्ष कोरिया, सुमनदीप दुबे जिला उपाध्यक्ष कोरिया, नागेश्वर यादव जिला महामंत्री कोरिया, लवकुश साहू जिला महामंत्री कोरिया, चंद्रकांत सिंह जिला महामंत्री कोरिया, शुभम तिवारी, छवि शंकर, मनीष बजाज, अरशद अली आदि कार्यकर्ता रहे उपस्थित।



# वर्तमान विधायक ने पूर्व विधायक की 100 एकड़ से अधिक जमीन बताया..जानकारी 85 एकड़ जमीन की दे पाए

## पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के ऊपर मनेंद्रगढ़ विधायक फिर हुए मुखर...अगर वो साबित कर दे की उनकी जमीन पुस्तैनी है...तो नहीं लड़ूंगा चुनाव.

» छत्तीसगढ़ के विधानसभा नंबर 2 में वर्तमान व पूर्व विधायक आमने-सामने, आरोप-प्रत्यारोप जारी

» दोनों एक दूसरे पर चला रहे जुबानी बाण...फैसला जनता करेगी 4 महीने बाद...कौन सही कौन गलत है?

» गरीब आदिवासीयों की जमीन पर किया कब्जा...सबसे ईमानदार बताने कर रहे जद्दोजहद वर्तमान विधायक ने लगाया आरोप

» चिरमिरी के होटल अलवीना में हुई प्रेस वार्ता,ब्लाक कांग्रेस कमेटी के साथ पूर्व महापौर की भी प्रेस वार्ता में दिखी उपस्थिति

-रवि सिंह-

मनेंद्रगढ़/चिरमिरी 25 जून 2023 (घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ के विधानसभा नंबर 2 में कशमकश की स्थिति है, इस विधानसभा में मीडिया के लिए पिछले एक सप्ताह से एक ही मुद्दा सुर्खियों में है, पिछले एक सप्ताह से वर्तमान व पूर्व विधायक एक दूसरे के खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे साथ ही एक दूसरे को चुनौती भी दिया जा रहा है, इस समय सभी का ध्यान विधानसभा नंबर दो पर है यहां पर दोनों के बीच जुबानी जंग जारी है और यह जुबानी जंग कब तक जारी रहेगी यह एक बड़ा सवाल है? फिलहाल तो वर्तमान व पूर्व विधायक के चक्कर में





मीडिया का रोज प्रेस कॉन्फ्रेंस में समय बिता रहा हैं और एक दूसरे का आरोप सुनकर खबर लगा रहे हैं, पर यदि आरोप-प्रत्यारोप की बात की जाए तो दोनों तरफ से आगामी चुनाव के लिए राजनीति हो रही है जो साफ दिख रहा है। इस लड़ाई में सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि दोनों एक ही समाज से आते हैं और दोनों एक दूसरे के कट्टर विरोधी दिख रहे हैं, कट्टर विरोधी के साथ दोनों अलग-अलग पार्टी से आते हैं और ऐसे में यह भी कहा जा रहा है समाज का रुख किशोर होगा? समाज किसे नहीं मानेगी और किसके साथ खड़ी होगी यह भी एक बड़ा सवाल है? जनता और मतदाताओं को तो परिणाम देने में 5 महीने लगेंगे पर समाज किस तरह से इस लड़ाई को देखेगा इसे लेकर अंदर खाने में चर्चा हो रही है। क्या इस लड़ाई का पटाक्षेप समाज करेगा या फिर विधानसभा के नतीजे से इसका पटाक्षेप होगा? प्रेसवार्ता के दौरान वर्तमान विधायक ने जो दस्तावेज जमीन के दिए और जानकारी पत्रकारों को दी उसमें 85 एकड़ की ही जानकारी थी, फिर 100 एकड़ से ज्यादा जमीन होना क्यों बता रहे थे? जो सूची इन्होंने जमीन की दी उसके अनुसार कौन सी जमीन आदिवासियों से छिनी गई है यह भी उस सूची में नहीं समझ में आया। सबसे बड़ा आरोप जो उन्होंने लगाया था कि आदिवासियों की जमीन छीनी गई उसकी भी उन्होंने अभी तक सही पुष्टि नहीं कर पाए।

### वर्तमान विधायक के द्वारा दी गई जानकारी

विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने एक बार फिर पूर्व विधायक पर जमीन कब्जे को लेकर मुखर दिखाई दिए, और शनिवार को चिरमिरी के हल्दीबाड़ी क्षेत्र में स्थित होटल अलवीना में ब्लाक कांग्रेस कमेटी चिरमिरी के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रेस वार्ता कर अपने कड़े तेवर से पूर्व विधायक पर जमीन कब्ज़ा कर खेती करने सब्जीयों की पैदावार कर सेवन करने का आरोप लगाया, वर्तमान विधायक ने अपने इस आरोप के साथ उपस्थित पत्रकारों को राजस्व विभाग के हस्ताक्षर आधिकारिक दस्तावेज भी उपलब्ध कराये, और यहाँ तक कहा की अगर वह यह साबित कर दे की यह उनकी पुस्तैनी जमीन है या पैतृक भूमि है तो वह आगामी चुनाव नहीं लड़ेंगे। मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुये कहा की भाजपा नेता श्यामबिहारी जायसवाल ने गलत तरीके से सैकड़ों एकड़ जमीन का वन अधिकार पट्टा हासिल करने का बड़ा खेल खेला यह खेल यही नहीं रुका जब ये विधायक थे तब उन्होंने खड़गवां के 41 पंचायतो में मात्र 5 पंचायतों की जानकारी मेरे पास है। जिसकी जमीन अपने कब्जे में ली, वो ग्रामीण जन उनका विरोध किया तो वह जेल गया या इस शहर को छोड़ कर कही और इस लिए पूर्व विधायक को हम उनके नए नाम से पुकार सकते जिनका नाम श्याम बिहारी जायसवाल नहीं रह गया। उनका नाम अब जमीन बिहारी जायसवाल है अब आप ही बताइये कोई भी व्यक्ति विधायक बनने के बाद इतनी जमीन कैसे बना सकता है । पूर्व विधायक ने हद तो तब कर दी जब वह इस खेल में अपनी बुजुर्ग माँ तक को नहीं छोड़ा है । श्री विनय इसके बाद भी नहीं रुके उनके तल्ख तेवर इतने गुस्से में थे की उन्होंने ने आगामी विधानसभा चुनाव तक नहीं लड़ने की बात कह दी।


डॉक्टर साहब की फर्जीवाड़े की करतूत किसी से छुपी नहीं है,ये तो दूसरों पर लांछन लगा रहे हैं:श्याम बिहारी जायसवाल

### वर्तमान विधायक के दौरा दी गई जमीन का विवरण

मनेंद्रगढ़ विधायक के ने अपने उद्बोधन में शासकीय दस्तावेजो को दिखाते हुए कर्म वर जनपद पंचायत के ग्रामो में किस नाम से कितनी भूमि को पूर्व विधायक के द्वारा कब्ज़ा किया गया उसकी जानकारी अपने मुख से उच्चरण किया और पुरे दस्तावेजो को ज्ञापन रूप में खड़गवां तहसील दार को देते हुए जल्द से जल्द निरस्त कर कार्यवाई की मांग की । श्री जायसवाल ने यह भी कहा की मनेन्द्रगढ़ के पूर्व विधायक श्यामबिहारी जायसवाल द्वारा 10 एकड़ वन अधिकार पट्टा फर्जी दस्तावेज लगाकर जमीन हासिल किया अपनी माँ चंद्रवती - पुत्र श्यामबिहारी - जायसवाल जायसवाल, कांति जायसवाल पति श्यामबिहारी जायसवाल के नाम 45.10 हेक्टेयर से ज्यादा पत्नी के नाम पर है। और श्याम बिहारी जायसवाल पिता सूरज दिन जायसवाल के नाम पर 39.35 एकड़ दर्ज है। उनकी पत्नी श्रीमती कांति जायसवाल के नाम से खड़गवां तहसील में ही 45.13 एकड़ जमीन है जिसमे राशन कार्ड में श्यामबिहारी जायसवाल के परिवार के सदस्य (माँ) के रूप में चंद्रवती का नाम अंकित है ग्राम पंचायत खड़गवां, रतनपुर, बरमपुर, मझौली एवं बेलबहरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्यामबिहारी जायसवाल के नाम पर 39.35 एकड़ जमीन कांति जायसवाल के नाम पर 45.13 एकड़ जमीन श्यामबिहारी जायसवाल ने पत्नी और माँ के नाम से फर्जी दस्तावेजों और कुटरचना करके 10 एकड़ से ज्यादा वन भूमि का वन अधिकार पट्टा के लिये आवेदन कर जमीन प्राप्त किया। दो अलग-अलग प्रकरण में पहले प्रकरण में पत्नी के प्रकरण में राशन कार्ड लगाया गया लेकिन माँ के प्रकरण में पहचान के लिये राशन कार्ड नहीं लगाया गया है, क्योंकि वन अधिकार पट्टा के अधिनियम के अनुसार व्यक्तिगत पट्टा परिवार के लिये जारी किया जाता है, एक ही परिवार के दो सदस्यों का पट्टा नहीं बन सकता। हालांकि इनके द्वारा तीन पीढियों के कब्जे का कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। अपना नाम छुपाने के लिये माँ और पत्नी के नाम से वन अधिकार पट्टे का बड़ा फर्जीवाड़ा किया गया है । माँ और पत्नी मातृ पक्ष की है, विवाह उपरांत तीन पीढी का रिकार्ड नहीं हो सकता। नियमतः 10 एकड़ से अधिक भू-स्वामित्व परिवार वन अधिकार पट्टा के लिये पात्रता नहीं रखता यह इनका गोरख धंधा है जिन्होंने अपने पांच वर्ष विधायकी कार्यकाल में किया अभी तो यह मात्र 5 पंचायत के कारनामे है अभी 46 पंचायत पुरे विधानसभा में बची है उनकी भी जाँच मेरे द्वारा कराई जा रही है जल्द और भी जमीन कब्ज़ा करने के दस्तवेज मेरे हाथो में होने जिनको आपके सामने रखूँगा।

### पूर्व विधायक का वर्तमान विधायक से कुछ सवाल

**सवाल:** 100 एकड़ की जानकारी क्यों नहीं दी और जो जानकारी दी है उसमें कौन सी जमीन जबरदस्ती कब्जा की गई है?

**सवाल:** आदिवासियों की कितनी जमीन कब्जा की गई इसकी जानकारी उन्होंने क्यों नहीं दी?

**सवाल:** खरीदी हुई जमीन की जानकारी देकर कब्जा करना क्यों बता रहे?

**सवाल:** आरोप कुछ लगाते हैं और प्रेस वार्ता में जानकारी कुछ देते हैं क्या मीडिया के लोगों को भी भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं वर्तमान विधायक?

**सवाल:** जो आरोप लगाए हैं उसे प्रमाणित करें तब तो जनता भी जाने कि कौन सही है और कौन गलत?

# एमसीबी जिले खड़गंवा विकास खंड के पंचायतों को मिले रिक्शे हो रहे हैं कबाड़ मे तब्दील

» प्रशासन का हो रहा है करोड़ों का नुकसान

» विकास खंड खडगवा के ग्राम पंचायतों को मिले रिक्शे रखे-रखे कबाड़ मे हो रहा है तब्दील

» महिला समूहों को भी नहीं मिल रहा है रिक्शे का लाभ





-राजेन्द्र शर्मा-

**खड़गवां, 25 जून 2023 (घटती-घटना)।** सरकार के द्वारा पंचायतों को स्वच्छ बनाने के लिए नए प्रयोग कर रही है. नई योजनाएं बना रही हैं. लेकिन प्रशासनिक उदासीनता एवं लापरवाही की वजह से कुछ योजनाएं धरातल पर पहुंचने के बाद कागजो मे ही दम तोड़ रही हैं. ऐसा ही नजारा खडगवा विकास खंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों मे देखने को मिल रहा है।

यहां प्रशासन की लापरवाही से स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में दिए गए रिक्शे रखे रखे जंग खाकर कबाड़ मे तब्दील हो रहे हैं. जिससे शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है.इस योजना में लापरवाही को लेकर जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है.

दरअसल,एमसीबी जिले के साथ चिरमिरी नगरनिगम शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में लाखो रुपए की लागत से घरों से कचरा कलेक्शन के लिए रिक्शा के साथ साथ अन्य सामग्री की सप्लाई कराई थी.

इसके अलावा ग्राम पंचायतों में कचरा प्रबंधन के लिए मनरेगा योजना के तहत कचरा घर का निर्माण करवाया गया है जिसकी लागत 5 से 6 लाख रुपए थी. जिसके माध्यम से समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़कर गांव से इकट्ठा किए गए कचरे को डंप कर उससे जैविक खाद बनाई जानी थी. जिसकी बिक्री के बाद ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार किया जाता, लेकिन यह योजना जिले एवं विकास खंड में फेल नजर आ रही है.

सरकार ने इस योजना को लेकर करोड़ों रुपए खर्च कर दिए. लेकिन प्रशासन की लापरवाही की वजह से जिले में योजना दम तोड़ती हुई नजर आ रही है. वहीं शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान होता दिखाई दे रहा है.

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने बताया कि प्रशासन की लापरवाही से सरकार की महत्वपूर्ण योजना दम तोड़ रही है. महिला समूहों को दिए जाने वाले रिक्शे रखे रखे जंग खा रहे हैं और कचरा डंप के लिए बनाए गए यार्ड के खिडकी दरवाजे कुछ नहीं बचे हैं भवन पूर्ण रूप से जर्जर हो चुके है इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ शेखर शर्मा के मोबाइल नंबर 9399969869 से संपर्क कर जानकारी चाही तो उन्होंने ने मोबाइल फोन रिसीव ही नहीं किया।

# रकम बढ़ाने का झांसा देने वाले कंपनी के संचालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

-संवाददाता-

**कोरबा,25 जून 2023 (घटती-घटना)।** एनटीपीसी कालोनी कृष्णाविहार जमनीपाली निवासी प्रार्थी राजन प्रसाद दिनांक 24.6.2023 को थाना दर्री उपस्थित आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि क्रिप्टो करेंसी मार्केट हाईपर फंड कंपनी का मुख्य संचालक हीरालाल कुलदीप सितम्बर 2021 में उनके निवास स्थान एनटीपीसी जमनीपाली में मिला था । उसके द्वारा हाईपर फंड कंपनी में तीन स्कीम के माध्यम से रकम लगाने पर 600 दिन में रकम तीन गुना एवं रिवाइव के माध्यम से लगाये गये रकम को हजार गुना बढ़ने कंपनी में बड़े-बड़े लोगों के जुड़े होने एवं उनके हाईलाईफ स्टाईल जीने का फोटोग्राफ्स तथा अपने साथियों के साथ दुबाई जाकर हाईपर फंड के मुख्य व्यक्तियों के साथ मिलकर कंपनी के प्रमोशन का फोटो ग्राफ्स दिखाकर अपने मोबाईल एवं टेबलेट के माध्यम से प्रेजेन्टेशन कर हाईपर फंड कंपनी में रूपया लगाने से रकम तिगुना होने के संबंध में बताया गया था । हाईपर फंड कंपनी का लिंक भी बताया गया था एवं लगाये गये रूपयो को तीन गुना बनाकर दूंगा कहकर मोबाईल नंबरों से वीडियो कॉलिंग एवं जुम मीटिंग के द्वारा अतिरिक्त काउसिलिंग सेमीनार कराकर अपने ग्रुप के लोगो के द्वारा दिखाये गये संपूर्ण दस्तावेजो पर विश्वास दिलाकर आपराधिक व सुनियोजित तरीके से हाईपर फंड कंपनी में राशि निवेश करने एवं अधिक रकम लगाने हेतु अलग-अलग बैंकों से बीस लाख रूपये का लोन हाईपर फंड कंपनी में लगाने के लिये दिलवाकर प्रार्थी से नगद रकम, ऑनलाईन रकम एवं चेक के माध्यम से प्रार्थी के भारतीय स्टेट बैंक शाखा - एनटीपीसी के खाता क्रमांक - 30106769643 से हीरालाल कुलदीप अपने स्वयं के बैंक खाता, अपने रिश्तोदारों के बैंक खाता एवं परिचित लोगों के बैंक खातों में लगभग 19,31,255 / रूपये दिनांक 24.10.2021 से 11.05.2022 की अवधि में लिया ढ्ढ इसके अतिरिक्त प्रार्थी द्वारा फरवरी मार्च एवं अप्रैल 2022 में अलग-अलग दिनांक में भी हीरालाल कुलदीप को अपना दुकान, पीएफ लोन एवं घर का जमा पूंजी का कुल रकम 13,68000/ रू. (तेरह लाख अड़सठ हजार रूपये) किश्तो में नगद दिया गया । इस प्रकार हीरालाल कुलदीप द्वारा स्वयं एवं अपने साथी राकेश साहू के साथ मिलकर कुल रकम 32,99,225 / रू. (बत्तीस लाख निन्यानबे हजार दो सौ पच्चीस रूपये) रकम तिगुना करने का लालच देकर पैसा वापस नही कर गबन कर प्रार्थी से धोखाधड़ी किया गया । प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपीगण हीरालाल कुलदीप व राकेश साहू के विरूद्ध थाना दर्री में अप0क0 164 / 23 धारा 406,420,34 भादवि. 4,5 मनी सर्कुलेशन स्कीम्स (बैनिंग) एक्ट कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया । विवेचना दौरान आरोपीगण हीरालाल कुलदीप एवं राकेश साहू को तलब कर पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लेने पर आरोपीगण द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किये । आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा का सबूत पाये जाने से आरोपीगण 1. हीरा लाल कुलदीप पिता स्व. नानसाय महंत उम्र 60 वर्ष साकिन क्वा.नं. ए.बी 1639/41 कावेरी विहार एन.टी.पी.सी. जमनीपाली दर्री जिला कोरबा छ.ग. 2. राकेश साहु पिता बाबूलाल साहू उम्र क्वा.नं.646/03 अगारखार लाटा दर्री जिला को दिनांक 24.06.2023 को विधिवत गिरफ्तार किया गया।



# मुआवजा नहीं मिलने के बात पर स्थानीय लोगों के साथ चक्काजाम में बैठे विधायक



» 2.34 करोड़ मुआवजा लेने के बाद भी नही हटाया राइस मिल

» केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में खुद भाजपा के विधायक और नेता प्रतिपक्ष ही पलीता लगाने की कोशिश में जुटे

-संवाददाता-

**कोरबा,25 जून 2023 (घटती-घटना)।** कोरबा-चांपा मार्ग पर ग्राम पताढ़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए ली गई जमीन के बदले में बिना मुजावजा दिए ग्रामीणों के घरों में रात को बुलडोजर चलवाने के आरोपों के बीच चौंकाने वाली जानकारी भी सामने आई है। जिससे भाजपा के विधायक, नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय राजमार्ग अथॉरिटी आमने-सामने आ गए हैं। विधायक के एकाएक प्रदर्शन और निर्मित हालातों के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग का कहना है कि बरपाली क्षेत्र के ग्रामीणों को बरगलाया जाकर माहैल खराब किया जा रहा है। इसके पीछे विधायक ननकीराम कंवर व नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद की भूमिका कितनी है ये तो वे ही बता सकते हैं परन्तु वे भी कहीं न कहीं स्वार्थी तत्वों के कारण गुमराह हो रहे हैं । विभाग का कहना है कि विधायक ननकीराम कंवर पिता पतराम कंवर खुद मुआवजे के तौर पर 2 करोड़ 34 लाख 67 हजार 324 रुपये की राशि ले चुके हैं, पर अब तक उन्होंने अपना राइस मिल नहीं हटाया है। उधर जब ग्रामीणों ने विधिवत फॉर्म ही नहीं भरा है, तो उनको मुआवजे की रकम भला कैसे जारी होगी, जबकि मुआवजे की रकम पिछले एक साल से आकर रखी हुई है। दूसरी और नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल और ननकीराम कंवर के बल पर ठेकेदार व उसके कर्मचारियों को ग्राम पताढ़ी और बरपाली क्षेत्र के ग्रामीण मार भगाने पर अमादा हैं जिससे कर्मचारी डरे-सहमे हैं। इस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में खुद भाजपा के विधायक और नेता प्रतिपक्ष ही पलीता लगाने की कोशिश में जुटे हैं। यहां उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही पताढ़ी के ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए राजस्व विभाग व राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों समेत निर्माण का कार्य कर रही फर्म गावर कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार के खिलाफ उरगा पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी। ग्रामीणों का आरोप है कि घरों में सो रहे लोगों को बिना सूचित किए ही रात को पहुंचे प्रशासनिक अमले ने मकान दुकान पर बुलडोजर चलवा दिया। समय रहते वे मकान से बाहर भागे तब जाकर उनकी जान बची। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए अपनी जमीन देने वाले ग्रामीणों के मुआवजे की राशि पिछले एक साल से आकर रखी हुई है, पर उसके भुगतान की भी प्रक्रिया निर्धारित है। शासन-प्रशासन से निर्धारित पैमानों का पालन तो करना ही होगा, जिसके लिए ग्रामीण तैयार ही नहीं है , ऐसे में मुआवजा कैसे जारी हो सकेगा? दूसरी ओर केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना को जल्द से जल्द पूरा करने में सहयोग की बजाय भाजपा के ही नेता इस तरह रोड़ा खड़ा करने में लगे हैं। यहां तक कि विधायक कंवर व हितानंद अग्रवाल ने ग्रामीणों से यह कहकर रखा है कि जब कभी ठेकेदार या उसके कर्मचारी दिखाई दें, तो उन्हें मारकर गांव से खदेड़ा जाए। एनएचएआई प्रोजेक्ट के डायरेक्टर का कहना है कि मुआवजा की राशि उपलब्ध है। विधिवत फॉर्म भरकर कई लोगों ने मुआवजे ले लिए हैं और जिनका पारिवारिक विवाद है, उनके घर के लोगों ने ही नहीं लिया है जबकि ऐसे लोगों को कई बार नोटिस दी जा चुकी है और नोटिस तामिल भी की जा चुकी है। दूसरी तरफ कई ऐसे भी लोग हैं जो मुआवजा लेने के बाद भी निर्माण नहीं हटा रहे हैं। डायरेक्टर ने आग्रह किया है कि जनप्रतिनिधि और जनता निर्माण में सहयोग करें ताकि सड़क का लाभ जल्द मिलना प्रारम्भ हो सके।

# विधायक पुरुषोत्तम कंवर के पहल से बांकी मोगरा शीघ्र आयेगा नगर पालिका के अस्तित्व में



-संवाददाता-

**कोरबा,25 जून 2023 (घटती-घटना)।** कटघोरा विधायक पुरुषोत्तम कंवर जब से कटघोरा क्षेत्र का कमान संभाले है तब से उनकी कोशिश रही है की कटघोरा विधानसभा के अंतर्गत तमाम क्षेत्रों का विकास हो । इसी कड़ी में उन्होंने बांकी मोंगरा को नगर पालिका का दर्जा दिया जाए को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलने उनके निवास पहुंचे । वहां उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बांकी मोगरा नगर पालिका शीघ्र अस्तित्व में लाने की मांग रखी । जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द से जल्द अमल करने की घोषणा की । प्रदेश मुख्यमंत्री ने बांकी क्षेत्र को नगर पालिका का दर्जा मिलने से बांकी एवं आसपास के क्षेत्रों का तेजी से विकास कार्य होने की बात कही साथ ही नगर पालिका गठन होने से वहां के स्थानीय निवासियों को भी इसका लाभ एवं सुविधाएं मिलेंगी । मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को इस विषय को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए है ।

# पीएम आवास की राशि मिलने पर भी भवन न बनाने वालों पर होगा मामला दर्ज

-संवाददाता-

**कोरबा,25 जून 2023 (घटती-घटना)।** कोरबा नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय ने योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि पीएम आवास योजना के तहत जिन हितग्राहियों को राशि का आवंटन हो चुका है इसके बाद भी वे उपयोग नहीं कर रहे हैं तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं। उन्होंने अवैध निर्माण के बाद भी नियमितीकरण नहीं कराने वालों पर भी कार्रवाई करने अधिकारियों को हिदायत दी। कार्यपालन अभियंता आरके माहेश्वरी ने बताया कि 31 मई 2022 के पहले जो डीपीआर शासन से मंजूर हुआ था उन सभी आवासों का निर्माण प्रारंभ किया जा चुका है। मुड़ापार में 293 आवासों और रामपुर में निर्मित 24 आवासों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर हितग्राहियों को आवास दिया जा चुका है। लाटा के आवासों का आवंटन की प्रक्रिया जारी है। नियमितीकरण के संबंध में बताया गया कि अब तक 1677 प्रकरणों की मंजूरी मिल चुकी है। जिसमें 1314 आवासीय और 263 प्रकरण गैर आवासीय है। नियमितीकरण से 12 करोड़ 63 लाख 91 हजार 47 रुपए प्राप्त होगी। संपत्ति कर सर्वेक्षण के पहले चरण का काम हर हाल में 15 जुलाई और दूसरे चरण का सर्वे का कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण करने को कहा गया है।




# बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

-संवाददाता-

**लखनपुर 25 जून 2023 (घटती-घटना)।** लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटिंदा में बीमारी से परेशान 50 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लखनपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम कटिंदा निवासी मनरासो बाई पति विनेस्वर बरगाह उम्र 50 वर्ष ने 24 जून की मध्य रात्रि घर से कुछ दूरी पर स्थित गांव के सरना पास आम पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार की सुबह घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द किया है। पुलिस के द्वारा बताया गया कि मनरासों बाई लंबे समय से बीमारी से ग्रसित थी। फिलहाल लखनपुर पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुटी है।



# 11 केवी तार टूटकर बाइक चालक के ऊपर गिरने से बाइक और चालक दोनो जल गए

-संवाददाता-

**कोरबा,25 जून 2023 (घटती-घटना)।** जिले में सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम सेन्द्रीपाली में दर्दनाक हादसा हो गया जिसमें एक बाईक चालक की मौत हो गयी है। मिली जानकारी के अनुसार नोनबिर्रा से लगे सेन्द्रीपाली में सुबह ग्राम के ही एक व्यक्ति ताराचंद अग्रवाल फूल तोड़ने के कार्य से निकला था कि उसके ऊपर 11 केवी लाईन संचालित होने वाली तार टूट कर गिर पड़ी। तार उसके बाईक में गिरी वहीं जमीन गीली थी जिससे करंट का प्रवाह जमीन के साथ उसके बाईक और शरीर पर हो गया जिससे बाईक जलने लगी और हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से बाइक चालक की भी मौके पर ही जलकर दर्दनाक मौत हो गयी।जिसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी जिस पर पुलिस मौके पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 149बी के प्रभावित किसानों को भुगतान के लिए अपनाई जा रही पारदर्शी प्रक्रिया

-संवाददाता-

**कोरबा,25 जून 2023 (घटती-घटना)।** परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कोरबा द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 149बी चाम्पा - कोरबा - छुरी - कटघोरा मार्ग चौड़ीकरण (फोरलेन) निर्माण के लिए भूमि अर्जन करने प्रस्ताव किया गया है। जिसमें तहसील बरपाली अंतर्गत कुल 13 ग्राम सरईपाली, फरसवानी, देवलापाठ, जमनीपाली, पचपेड़ी, कोथारी, नवापारा, नवलपुर, बंजारी, खरहरी, पुरैना, बरपाली, सरगबुंदिया, तहसील कोरबा अंतर्गत कुल 05 ग्राम पहंदा, पताढ़ी, उरगा, बरबसपुर, कुरूडीह में भूमि अर्जन की कार्यवाही की गई है। उक्त कुल 18 ग्रामों में दर्ज 50 प्रकरणों में प्रभावित कुल कृषक 2112 के लिए कुल राशि 2,06,33,32,190.00 रू. निर्धारित कर अवॉर्ड पारित किया गया है । जिसमें भूमि, भूमि पर स्थित परिसम्पत्ति (वृक्ष, मकान, बोर आदि) शामिल है। जिसमें परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग के द्वारा पारित अवॉर्ड के विरूद्ध राशि 1,90,01,78,035.00 रू. उपलब्ध कराया गया है। आज तक की स्थिति में कुल 1596 कृषकों को कुल राशि 1,44,80,38,362.00 रू. मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है। उक्त परियोजना में उपलब्ध राशि के विरूद्ध भूमि का मुआवजा भुगतान का प्रतिशत 77 प्रतिशत एवं परिसंपत्ति का मुआवजा भुगतान का प्रतिशत 75.10 प्रतिशत है। शेष कृषकों को मुआवजा भुगतान निरंतर रूप से किया जा रहा है। जिसके लिए ग्रामों में शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है ।

ग्राम उरगा के कृषक दुर्गा प्रसाद पिता नोटलाल के प्रभावित भूमि ख.नं. 944 / 2. अर्जित रकबा 0.101 हे. राशि 20,99,955.00 रू. का अवॉर्ड दिनांक 11.01.2019 को पारित किया गया है। श्री परमेश्वर एवं ग्रामवासी ग्राम उरगा के द्वारा दिनांक 03.10.2020 को कलेक्टर कोरबा को लिखित में शिकायत आवेदन प्रस्तुत कर अवॉर्ड दिनांक 11.01.2019 को शिथिल करते हुए भूमि उपयोगिता एवं एक स्थान की भूमि का एक समान मूल्यांकन कर पुनः नया अवॉर्ड पारित करने जांच की मांग की गई थी। उक्त शिकायत पत्र के संबंध में दल गठन किया जाकर तहसीलदार कोरबा से जांच कराई गई। जिसमें कृषक दुर्गा प्रसाद पिता नोटलाल की भूमि ख. नं. 944 / 2. अर्जित रकबा 0.101 हे. भूमि मुख्य मार्ग से बाहर स्थित होना पाया गया। जिसके संबंध में दुर्गा प्रसाद को सुनवाई हेतु नोटिस जारी कर दिनांक 05.12.2020 को आहूत किया गया था। दुर्गा प्रसाद ने उपस्थित होकर बयान दिया गया था। उनके द्वारा माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में रिट याचिका क्रमांक डब्ल्यू पीसी नम्बर. 4978/2021 प्रस्तुत किया गया था। जिसमें माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा दिनांक 08.12.2021 को नियमानुसार कार्यवाही हेतु निर्णय दिया गया है। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पारित निर्णय के परिपालन में जांच कराकर दुर्गा पिता नोटलाल को मुआवजा राशि 20,99,955.00 रू. चेक क्रमांक 878000 दिनांक 04.03.2022 को उनके भारतीय स्टेट बैंक शाखा उरगा के खाता क्रमांक 10371899849 में आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान किया गया है।



**न्यायालय तहसीलदार दरिमा जिला सरगुजा0छ0ग**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र-.202306022500012/ ब-121/2022-23

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इन्द्रप्रसाद व एक अन्य दोनो आ0 सुमार साय निवासी ग्राम दरिमा तहसील दरिमा जिला सरगुजा के द्वारा ग्राम दरिमा तहसील दरिमा में भू-खण्ड क्रमांक 1707/1 रकबा 5.12 एकड़ का पट्टा प्रदाय किया गया था उक्त आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों में शासकीय मद में दर्ज हो गया है आवेदक के द्वारा राजस्व अभिलेखों में हुए उक्त त्रटि को सुधार किये जाने हेतु नयायालय में प्रस्तुत किया गया है जो न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 06/07/2023 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार दरिमा,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202305020700225**

**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2022-2023**

**फुन्दुरडिहारी प.ह.न. 00016 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-आशीष कुमार सिन्हा,**
**अनावेदक पक्षकार- छोटेलाल**

**ईश्तहार**

आवेदक आशीष कुमार सिन्हा आ0 स्व0 छोटेलाल सिन्हा, निवासी स्कूल रोड गोधनपुर, वार्ड नंबर-5, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 388/1, 406/5,419/2 रकबा 0.094, 0.114, 0.040 हे0 भूमि को वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो ई-नामांतरण पोर्टल से ई-कोर्ट में प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/07/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/06/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)

**न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

आम जनता ग्रामवासी ग्राम राजापुर को सूचित किया जाता है कि श्री सूरज प्रसाद आ0 श्री तिलोचन निवासी ग्राम राजापुर थाना - रामानुजनगर तहसील-रामानुजनगर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा अपने पत्नी विफईया पति सूरज प्रसाद का मृत्यु दिनांक 12.11.2012 (बारह नवंबर सन् दो हजार बारह) के होने से अपने पत्नी विफईया पति सूरज प्रसाद का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

जिस किसी आम जनता/ग्रामवासीयों को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो वह अपना आपत्ति दिनांक 27.06.2023 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात् कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 13.06.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया है।

सील — तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

आम जनता ग्रामवासी ग्राम राजापुर को सूचित किया जाता है कि श्री सूरज प्रसाद आ0 श्री तिलोचन निवासी ग्राम राजापुर थाना - रामानुजनगर तहसील-रामानुजनगर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा अपने पुत्र समयलाल आ0 सूरज प्रसाद का मृत्यु दिनांक 14.07.2021 (चौदह जुलाई सन् दो हजार इक्कीस) के होने से अपने पुत्र समयलाल आ0 सूरज प्रसाद का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

जिस किसी आम जनता/ग्रामवासीयों को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो वह अपना आपत्ति दिनांक 27.06.2023 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात् कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 13.06.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया है।

सील — तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

CMYK

# वर्ल्ड कप से पहले आईसीसी का बड़ा फैसला

**स्टार गेंदबाज पर लगाया बैन**

**नई दिल्ली,25 जून,2023।** इस साल भारत में होने वाले वर्ल्ड कप को लेकर अभी तक शेड्यूल सामने नहीं आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्टूबर-नवंबर में इसका आयोजन हो सकता है। फिलहाल, जिम्बाब्वे में वर्ल्ड कप क्वॉलीफायर मुकाबले खेले जा रहे हैं, जहां से दो टीमें वर्ल्ड कप के मेन स्टेज के लिए क्वॉलीफाई करेंगी, जबकि भारत समेत बाकी 8 टीमें पहले ही सीधे इस टूर्नामेंट में पहुंच चुकी हैं। लेकिन इसी बीच युनायटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका यानी यूएसए के लिए बुरी खबर सामने आ रही है। टीम के तेज गेंदबाज काइल फिलिप के खिलाफ आईसीसी ने कड़ा कदम उठाते हुए उनकी गेंदबाजी पर बैन लगा दिया है। वर्ल्ड कप चालीफायर में वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए मुकाबले में अवैध गेंदबाजी एक्शन का इस्तेमाल करने की वजह से उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया है।

काइल फिलिप ने वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए मैच में तीन विकेट चटकाए थे। आईसीसी के अनुसार वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए मुकाबले के बाद मैच अधिकारियों ने काइल के एक्शन की रिपोर्ट की और आईसीसी के इवेंट पैनल ने बाद में पुष्टि की कि 26 वर्षीय खिलाड़ी ने अवैध गेंदबाजी एक्शन का इस्तेमाल किया है।

नियमों के अनुच्छेद 6.7 के अनुसार, फिलिप को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से तुरंत बैन कर दिया गया है। यह बैन तब तक जारी रहेगा जब तक वह अपने गेंदबाजी एक्शन के पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत नहीं हो जाता, जिससे यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि उसका गेंदबाजी एक्शन वैध है।

वर्ल्ड कप क्वॉलीफायर में वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए मुकाबले में अवैध गेंदबाजी एक्शन का इस्तेमाल करने की वजह से उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया है।

काइल फिलिप ने वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए मैच में तीन विकेट चटकाए थे। आईसीसी के अनुसार वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए मुकाबले के बाद मैच अधिकारियों ने काइल के एक्शन की रिपोर्ट की और आईसीसी के इवेंट पैनल ने बाद में पुष्टि की कि 26 वर्षीय खिलाड़ी ने अवैध गेंदबाजी एक्शन का इस्तेमाल किया है। नियमों के अनुच्छेद 6.7 के अनुसार, फिलिप को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से तुरंत बैन कर दिया गया है। यह बैन तब तक जारी रहेगा जब तक वह अपने गेंदबाजी एक्शन के पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत नहीं हो जाता, जिससे यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि उसका गेंदबाजी एक्शन वैध है।

यूएसए के लिए अभी तक यह टूर्नामेंट अच्छा नहीं रहा। वर्ल्ड कप क्वालीफायर में खेले अभी तक तीनों मैचों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। गुरुवार को नीदरलैंड्स ने उन्हें 5 विकेट से पटखनी दी। इसी के साथ इस टीम के अगले राउंड यानी सुपर-6 में पहुंचने की उम्मीदें भी काफी कम हो गई है। फिलहाल यूएएस ग्रुप-ए की प्वाइंट्स टेबल में सबसे नीचे 5वें पायदान पर है। उनका आखिरी मैच सोमवार 26 जून को मेजबान जिम्बाब्वे के साथ है।



## हॉकी इंडिया ने सीनियर पुरुष टीम के कोर समूह की घोषणा की

**नई दिल्ली,25 जून,2023।** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरू के भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र (साइ) में 26 जून से 19 जुलाई तक होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए सीनियर पुरुष टीम के 39 सदस्यीय कोर समूह (मुख्य खिलाड़ियों) की घोषणा की। शिविर के बाद टीम स्पेन के टेरासा जाएगी जहां वह स्पेन हॉकी महासंघ की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 25 से 30 जुलाई तक हिस्सा लेगी। भारत और मेजबान स्पेन के अलावा इंग्लैंड और नीदरलैंड इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। चार देशों के टूर्नामेंट के बाद एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी चेन्नई में तीन अगस्त से खेली जाएगी जिसमें भारत का सामना खिताब के लिए कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापानऔर चीन से होगा।

भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ''एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2022-23 के बेल्जियम और नीदरलैंड में हुए मुकाबलों में हमने अच्छा प्रदर्शन किया और अब हमें यही निरंतरता बनाए रखने की उम्मीद है विशेषकर इस साल दूसरे हाफ में होने वाले में होने वाले महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों को देखते हुए।'' उन्होंने कहा, ''शिविर हमारे लिए कुछ क्षेत्रों में खुद को बेहतर बनाने और एक बार फिर एक इकाई के रूप में मिलकर काम करने का अवसर होगा। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 चेन्नई में अगस्त में होने वाली है जिसके बाद चीन के हांगझोउ में एशियाई खेल 2023 होंगे। यह हमारे लिए आगामी महीनों के लिए अपनी तैयारी शुरू करने और जिस तरह की हॉकी हम खेलना चाहते हैं उसे प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण शिविर है।''

भारत का 39 सदस्यीय कोर संभावित समूह इस प्रकार हैः गोलकीपरः कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, पवन मलिक, प्रशांत कुमार चौहान। डिफेंडर- जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप सेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की, मनजीत। मिडफील्डरः मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरांगथेम रबिचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलाकांत शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, मनिंदर सिंह। फारवर्ड- एस कार्थी, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और पवन राजभर।

## रूण ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने जा रहा है : मैट्स विलेंडर

**नई दिल्ली ,25 जून,2023।** पूर्व स्वीडिश टेनिस स्टार मैट्स विलेंडर का मानना है कि पिछले डेढ़ साल में एटीपी रैंकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि के बाद युवा टेनिस सनसनी होल्गर रूण आने वाले वर्षों में ग्रैंड स्लैम जीत हासिल करना चाहेंगे। वर्ल्ड नंबर 6 रूण ने 2022 की शुरूआत के बाद से उल्लेखनीय प्रगति का अनुभव किया है। डेन ने पिछले साल जनवरी में दुनिया में नंबर 99वां स्थान प्राप्त किया था, लेकिन रैंकिंग के माध्यम से तेजी से चढ़ गए है।



20 वर्षीय ने पिछले साल पेरिस मास्टर्स जीता था और इस साल मोंटे कार्लो और इटैलियन ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। वह अब लगातार दूसरे साल फ्रेंच ओपन के क्वॉर्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। रूण रौलां गैरो में नाटकीय परिस्थितियों में पहली बार पांच सेट के विजेता बने, जहां छठी वरीयता प्राप्त डेन ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को मात दी और 7-6 (3), 3-6, 6-4, 1-6, 7-6(10-7) से चौथे दौर में जीत हासिल की।

नॉर्वे के कैस्पर रूड के खिलाफ रूण के क्वार्टर फाइनल मैच से पहले, जिसे उन्होंने पिछले साल ग्रैंड स्लैम के उसी चरण में खेला था, विलेंडर ने जोर देकर कहा कि डेन के पास भविष्य में ग्रैंड स्लैम जीत हासिल करने की क्षमता है।


विलेंडर ने यूरोस्पोर्ट से कहा, मैं निश्चित रूप से उनकी समस्या को सुलझाने के कौशल से बहुत प्रभावित हूं। जाहिर है, जब आप टूर्नामेंट के इस समय में पांच-सेट खेल रहे होते हैं, तो आप हमेशा थोड़ा चिंतित रहते हैं, विशेष रूप से चौथा सेट 6-1 से हारने पर। यह थोड़ा चिंताजनक है। लेकिन साथ ही, वह उस सेट को जाने देता है। इसलिए, वह टेनिस मैच में रणनीति के मामले में बहुत परिपक्व है, मानसिक रूप से, वह बहुत परिपक्व है, लेकिन मुझे लगता है कि वह इधर-उधर अपनी एकाग्रता खो रहा है। लेकिन फिर मैं उसकी तुलना कार्लोस अल्काराज से कर रहा हूं जो इतना अधिक एकाग्रता नहीं खोता है। इसलिए, रूण एक दिन एक महान खिलाड़ी बनने जा रहा है। उन्होंने कहा, वह पहले से ही वास्तव में अच्छा है और मुझे लगता है कि वह ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने जा रहा है क्योंकि उसके पास स्विच ऑन करने और थोड़ा सा स्विच ऑफ करने की क्षमता है और वह वापस आता है और अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलता है।

## जो परिस्थितियों के साथ बेहतर तरीके से तालमेल बैठाएगा वह मैच जीत जाएगा : विराट कोहली

**लंदन,25 जून,2023।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का मानना है कि जो भी (भारत और ऑस्ट्रेलिया) द ओवल की परिस्थितियों से बेहतर तरीके से तालमेल बिठाएंगे, वही बुधवार से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जीत दर्ज करेंगे।

कोहली ने पिच से उत्पन्न चुनौतियों को स्वीकार किया और अपनी टीम से सावधानी और ध्यान के साथ खेल को अपनाने का आग्रह किया। 34 वर्षीय ने परिस्थितियों के अनुरूप अनुभव और लचीलेपन की आवश्यकता पर जोर दिया और इस बात पर प्रकाश डाला कि पिच की पिछली अपेक्षाओं पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स पर 'फॉलो द ब्लूज' में कहा, मुझे लगता है कि ओवल चुनौतीपूर्ण होगा, हमें एक सपाट विकेट नहीं मिलेगा और बल्लेबाजों को सतर्क रहने की जरूरत है। हमें अपनी एकाग्रता और अनुशासन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी। इसलिए आपको परिस्थितियों के अनुसार



खेलने का अनुभव होना चाहिए और हम इस उम्मीद के साथ नहीं जा सकते कि ओवल की पिच हमेशा की तरह खेलेगी। इसलिए हमें समायोजित और अनुकूल होना होगा, हमारे पास तटस्थ स्थान पर केवल एक मैच है, इसलिए जो भी बेहतर अनुकूल होगा वह मैच जीत जाएगा।

उन्होंने कहा, यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की खूबसूरती है, दो तटस्थ टीमें, जिनका कोई घरेलू फायदा नहीं है, इसलिए यह देखना बहुत रोमांचक होगा कि दोनों टीमें किस तरह से परिस्थितियों से तालमेल बिठाती हैं।

विशेष रूप से, ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों ने द ओवल मैदान पर संघर्ष किया है, जिसने अब तक 104 मैचों की मेजबानी की है। भारत ने इस स्थान पर 14 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से दो जीते, तीन हारे और सात ड्रा रहे। पिछली बार भारत द ओवल में खेला था, उसने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ 157 रन से जीत दर्ज की थी। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया ने इस स्थान पर 34 मैच खेले हैं, जिसमें से सात जीते, 17 हारे और 14 ड्रा रहे।

## मोहन बागान ने विदेशी हस्ताक्षर के रूप में अरमांडो सादिकु को साइन किया

**नई दिल्ली,25 जून,2023।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैंपियन मोहन बागान सुपर जाइंट ने दो साल के सौदे पर अल्बानियाई अंतरराष्ट्रीय फारवर्ड अरमांडो सादिकु के हस्ताक्षर हासिल कर लिए हैं। क्लब ने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से हस्ताक्षर की घोषणा की।

सेंटर-फ़ॉरवर्ड, जो आखिरी बार 2022-23 सीज़न में ला लीगा 2 साइड एफसी कार्टाजेना के लिए खेला था, ने स्पेनिश सेकेंड डिवीजन में 31 मैचों में आठ गोल किए। सादिकु कई यूरोपीय देशों में खेले हैं जिसमें स्पेन और स्विट्जरलैंड उसके प्रमुख लक्ष्य हैं। सादिकु ने क्लब के साथ हस्ताक्षर करने के बाद कहा,÷मोहन बागान के पास भारतीय फुटबॉल में एक बड़ी विरासत है और मैं उनके लिए खेलने और उनकी सफलता में भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हूं। इन दिनों स्पेन में भारतीय फुटबॉल के बारे में अच्छी जागरूकता है। मैंने मोहन बागान एसजी प्रबंधन टीम को इसके बारे में बताया है। उनके प्रस्ताव के एक सप्ताह बाद ही मैं भारत आने को इच्छुक था। स्विस टीम एफसी ज्यूरिख और पोलिश टीम लेगिया वार्सज़ावा के साथ उनके कार्यकाल में खिलाड़ी ने क्रमशः यूईएफए यूरोपा लीग और यूईएफए चैंपियंस लीग क्वालीफाइंग चरण में पदार्पण किया। लेगिया वार्सज़ावा में अपने समय के दौरान, सादिकु ने अपना पहला यूरोपा लीग गोल हासिल किया।

32 वर्षीय ने यूरो 2016 में अल्बानिया का चेहरा बनकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जहां रोमानिया के खिलाफ उनके मैच विजेता हेडर ने बाल्कन देश को किसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पहली जीत दिलाई थी। इसके अलावा, उन्होंने अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए 38 मैचों में 12 बार स्कोर किया है।

पूर्व आर्सेनल मिडफील्डर ग्रैनिट ज़ाका के चचेरे भाई, सादिकु ने स्विस पक्ष एफसी लोकार्नो में जाने से पहले एबिसनेट सुपीरियर के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की और बाद में अन्य यूरोपीय क्लबों में अपना रास्ता तलाशा।फारवर्ड के पास यूरोपीय अनुभव का भंडार मोहन बागान सुपर जाइंट के आक्रमण को मजबूत करेगा क्योंकि मुख्य कोच जुआन फेरांडो का लक्ष्य आगामी 2023-24 सीज़न में हीरो आईएसएल खिताब की रक्षा के लिए अपनी टीम बनाना है।

## गनीमत,दर्शा ने एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप की टीम में जगह बनायी

**नई दिल्ली ,25 जून,2023।** निशानेबाजी विश्व कप की स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय गनीमत सेखों और दर्शा राठौड़ को अजरबैजान में होने वाली आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप और आगामी एशियाई खेलों (सितंबर में चीन के हांगझोऊ) के लिए निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। दोनों प्रमुख स्पर्धाओं के लिए महिला वर्ग में तीसरी स्कीट निशानेबाज परिनाज धालीवाल हैं। जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला स्कीट निशानेबाज और विश्व कप कांस्य जीतने वाली पहली भारतीय महिला स्कीट निशानेबाज गनीमत ने पिछले महीने कजाकिस्तान के अल्माटी में विश्व कप में रजत पदक जीता था। दर्शा ने अल्माटी विश्व कप में कांस्य पदक जीतकर इसे भारत के लिए यादगार बना दिया था।

यह पहली बार था जब भारत की दो निशानेबाजों ने महिला स्कीट विश्व कप के व्यक्तिगत स्पर्धा में दो पदक हासिल किये थे। एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप के लिए पुरुषों की स्कीट टीम में जूनियर वर्ग में 2014 एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अनंतजीत सिंह नरूका, अंगद वीर सिंह बाजवा और गुरजोत सिंह खंगुरा शामिल हैं। कई बार के राष्ट्रीय चैंपियन अनुभवी स्कीट निशानेबाज मेराज अहमद खान को इन दोनों प्रतियोगिताओं की टीम में जगह नहीं दी गयी। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अनुसार, टीम का चयन 2023 के शुरूआती छह महीनों में आयोजित चार ट्रायल और कुछ अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के अंकों को ध्यान में रखा कर किया



गया है। पुरुषों के ट्रैप वर्ग में, पृथ्वीराज तोंडइमन, अनुभवी जोरावर सिंह संधू और ओलंपियन किनान चेनाई टीम में जगह बनाने में सफल रहे जबकि 2006 के विश्व चैंपियन मानवजीत सिंह संधू अपना स्थान सुरक्षित करने से चूक गये। वह समग्र तालिका में पांचवें स्थान पर रहे। तमिलनाडु के पृथ्वीराज हाल ही में भोपाल में आयोजित शॉटगन के चौथे राष्ट्रीय चयन ट्रायल में विजेता बने थे। महिलाओं की ट्रैप टीम में मनीषा कीर, प्रीति रजक और राजेश्वरी कुमारी को तरजीह दी गयी जबकि श्रेयसी सिंह और शगुन चौधरी जैसे बड़े नाम टीम में जगह नहीं बना सकीं। विश्व चैम्पियनशिप (बाकू, अजरबैजान) के लिए भारतीय टीम ट्रैप पुरुष - पृथ्वीराज तोंडइमन, किनान चेनाई, जोरावर सिंह संधू।

ट्रैप महिला - मनीषा कीर, प्रीति रजक, राजेश्वरी कुमारी। स्कीट पुरुष- अनतजीत सिंह नरुका, अंगद वीर सिंह बाजवा, गुरजोत सिंह खंगुरा। स्कीट महिला- गनीमत सेखों, परिनाज धालीवाल, दर्शा राठौड़। ट्रैप मिश्रित टीम- पृथ्वीराज तोंडइमन / मनीषा कीर और किनान चेनाई / प्रीति रजक। स्कीट मिश्रित टीम- अनंतजीत सिंह नरुका / गनीमत सेखों और अंगद वीर सिंह बाजवा / परिनाज धालीवाल। हांगझोऊ एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम ट्रैप पुरुष - पृथ्वीराज तोंडइमन, किनान चेनाई, जोरावर सिंह संधू। ट्रैप महिला - मनीषा कीर, प्रीति रजक, राजेश्वरी कुमारी। स्कीट पुरुष- अनंतजीत सिंह नरूका, अंगद वीर सिंह बाजवा, गुरजोत सिंह खंगुरा। स्कीट महिला- गनीमत सेखों, परिनाज धालीवाल, दर्शा राठौड़। स्कीट मिश्रित टीम- अनंतजीत सिंह नरुका / गनीमत सेखों और अंगद वीर सिंह बाजवा / परिनाज धालीवाल।

## ऑस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर ने कहा- बाकी खेल में स्पिन बड़ी भूमिका निभाएगी

**नॉटिंघम,25 जून,2023।** एशले गार्डनर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड के खिलाफ अपने एकमात्र टेस्ट में जीत हासिल करने और महिला एशेज को बरकरार रखने के अपने प्रयास में चार मूल्यवान अंक हासिल करने के लिए आश्वस्त है।

स्टंप्स के समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 82/0 था और मेहमान टीम 92 रनों से आगे थी। दिन का खेल समाप्त होने तक बेथ मूनी (33) और फोबे लीचफील्ड (41) क्रीज पर नाबाद थे। गार्डनर की आक्रामक ऑफस्पिन ने ऑस्ट्रेलिया की पारी के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े लौटाए - 25.2 ओवर में 99 रन पर 4 विकेट - और, टेस्ट के दो दिन शेष रहते हुए और फोएबे लीचफील्ड और बेथ मूनी के बीच 82 रन की बेहद सधी हुई शुरुआती साझेदारी की बदौलत 92 रन की रातोंरात बढ़त हासिल कर ली। चौथी पारी के अंत के खेल में और भी बड़ी भूमिका निभाने का विश्वास है।



उन्हें न केवल इंग्लैंड की स्टार स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन को अपने पहले टेस्ट में पांच विकेट लेने के दौरान पहली पारी में लगातार 28 ओवर गेंदबाजी करते हुए देखकर प्रोत्साहन मिला है, बल्कि गार्डनर का मानना है कि ट्रेंट ब्रिज की सतह अब टूट रही है और ऑस्ट्रेलिया की स्पिन के लिए तैयार हो सकती है। पाँचवें दिन आता है भारी हमला।

÷हमारे पास गेंदबाजी के बहुत सारे विकल्प हैं, हमारे पास तीन स्पिनर हैं। इसलिए जब मुझे मौका मिले, मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि मैं इसका उपयोग करूं। हमने कभी पांच दिवसीय टेस्ट मैच नहीं खेला है, इसलिए यह जानते हुए ईएसपीएनक्रिकइंफो ने गार्डनर के हवाले से कहा, विकेट किसी समय खराब हो जाएगा, बाकी खेल में स्पिन एक बड़ी भूमिका निभाएगी। मैं निश्चित रूप से कहूंगा कि नतीजा निकलेगा और हम इसी पर जोर देंगे। जैसा कि कहा जा रहा है.

गार्डनर ने सोचा कि उनकी अपनी टीम की सफलता के लिए कठिनाई उनकी दूसरी पारी के लिए अच्छा संकेत है, यह देखते हुए कि इंग्लैंड को अंतिम बल्लेबाजी की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

÷टैमी ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की, लगभग कोई भी खराब गेंद जो स्टंप्स को मिस कर रही थी, उसने उसे सीमा रेखा के पार भेज दिया। मुझे लगता है कि बल्लेबाजी के दृष्टिकोण से, यह दर्शाता है कि जब भी वे स्टंप्स से चूकते हैं, तो लगभग एक फ्री शॉट होता है वहाँ से बाहर। दूसरी तरफ, जब हमारे हाथ में गेंद फिर से आती है, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम वास्तव में स्टंप्स पर ध्यान दें और वास्तव में अथक रहें, गार्डनर ने कहा।

उन्होंने कहा, जरूरी नहीं कि हम टेस्ट मैच ड्रा कराना चाहें। और हम निश्चित रूप से मामले को आगे बढ़ाने के लिए काफी अच्छी स्थिति में हैं, लेकिन हमें सिर्फ छोटा सोचने की जरूरत है, और अंतिम गेम के बारे में नहीं सोचना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें बस खेल के छोटे-छोटे समय में काम करने की जरूरत है, और खुद को वास्तव में अच्छी स्थिति में लाने की जरूरत है ताकि हम वहां जाकर कोशिश कर सकें और इसे जीत सकें।÷

## द ट्रायल-प्यार,कानून,धोखा को लेकर रोमांचित है काजोल

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल अपनी आने वाली वेबसीरीज द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा को लेकर रोमांचित है। काजोल ने कोर्टरूम वेब ड्रामा सीरीज द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा में नोयोनिका सेनगुप्ता का किरदार निभाया है। काजोल द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा को लेकर रोमांचित है। काजोल ने बताया कि द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा में उनका जो किरदार है उन्होंने ऐसा किरदार अपने करियर में पहले कभी नहीं निभाया था। काजोल ने कहा, नोयोनिका का किरदार एक महत्वाकांक्षी महिला का है जो अपने और अपने बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए कुछ भी कर सकती है। मुझे लगता है कि हर जगह ज्यादातर महिलाएं यही करती हैं।गृहणियां दुनिया में सबसे अधिक अनपेड काम करती हैं। मेरा किरदार भी यही है। यही उसका मूल है, मुझे लगता है कि यही हर महिला का मूल है।




द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा सीरीज अमेरिकी लीगल ड्रामा द गुड वाइफ का भारतीय रूपांतरण है।द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा सुपर्ण एस. वर्मा द्वारा निर्देशित है। इस वेबसीरज में काजोल के अलावा शीबा चड्ढा, जिशु सेनगुप्ता, एली खान, कुब्रा सैत और गौरव पांडे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## आज भी सिंगिंग करते वक्त घबरा जाती हूं : जन्नत जुबैर



एक्ट्रेस जन्नत जुबैर ने कहा कि उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था, लेकिन सिंगिंग से उन्हें अब भी घबराहट होती है। जन्नत ने हाल ही में अपना नया गाना कायफा हलुका रिलीज किया है। गाने के लिए आयोजित कॉन्फ्रेंस में एक्ट्रेस ने गाने के अलावा और भी बहुत कुछ बताया। जब उनसे पूछा गया कि सिंगिंग या एक्टिंग में से उनके लिए क्या मुश्किल है, तो उन्होंने जवाब दिया, मेरा मानना है कि कोई भी काम आसान नहीं होता और अगर आप उसे दिल से करते हैं तो कोई भी काम मुश्किल भी नहीं होता।मुझे एक्टिंग का बहुत शौक है क्योंकि मैं यह बचपन से करती आ रही हूं। मुझे एक्टिंग की आदत है। अगर मुझे सिंगिंग या एक्टिंग के बीच तुलना करनी हो तो जाहिर तौर पर एक्टिंग ही मेरी प्राथमिकता होगी। मैं आज भी गाना गाते समय घबरा जाती हूं। मैं पहले स्क्रैच रिकॉर्ड करती हूं और फिर फाइनल सॉन्ग रिकॉर्ड करने के लिए स्टूडियो जाती हूं। अपने गाने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, कायफा हलुका का अरबी में अर्थ है आप कैसे हैं?यह हमारी ओर से बिल्कुल नया प्रयास है। आजकल हम सब जो सुन रहे हैं, यह उससे अलग गाना है। हमने इसे लाइव इंस्ट्रूमेंट्स के साथ एक पॉप गाना बनाने की कोशिश की है। इसमें अरबी म्यूजिक भी है। गाना बहुत ही कर्णप्रिय है। अगर आप इसे एक या दो बार सुनेंगे तो पूरा दिन गुनगुनाते रहेंगे। कायफा हलुका को जन्नत जुबैर ने गाया है। विभास ने गाने के बोल और संगीत दिया है और जन्नत के पिता जुबैर रहमानी ने इस प्रोजेक्ट का निर्माण किया है।

## 20 वें भारतीय फिल्म महोत्सव स्टटगार्ट की गुलमोहर से होगी शुरूआत

शर्मिला टैगोर और मनोज बाजपेयी अभिनीत पारिवारिक ड्रामा फिल्म गुलमोहर जुलाई, 2023 में जर्मनी में 20वें भारतीय फिल्म महोत्सव स्टटगार्ट की शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। स्टटगार्ट में फिल्म के उद्घाटन के बारे में अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, निर्देशक राहुल वी. चित्तेला ने कहाः मैं बहुत उत्साहित हूं कि गुलमोहर को स्टटगार्ट के प्रतिष्ठित भारतीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन के लिए चुना गया है, जो जर्मनी में दुनिया के हमारे हिस्से की भावपूर्ण कहानियों को चैंपियन बनाने का 20वां वर्ष है। मेरी पिछली फिल्म आजाद ने 2017 में फेस्टिवल में बेस्ट शॉर्ट का पुरस्कार जीता था, और गुलमोहर जैसी खास फिल्म के साथ फेस्टिवल में वापस जाना बहुत अच्छा लग रहा है।




उन्होंने आगे कहा, दुनिया के हर कोने से मिल रहे प्यार और सराहना को देखना और परिवार और घर के बारे में इस विशेष फिल्म को दुनिया भर के दर्शकों के बीच इतनी गहराई से जुड़ते देखना वाकई बहुत खुशी की बात है।

हमने पिछले महीने न्यूयॉर्क में रोमांचक स्क्रीनिंग की थी। जुलाई में स्टटगार्ट और बर्लिन और इस साल बाकी दुनिया की यात्रा करेंगे।

गुलमोहर एक स्टार स्टूडियो प्रोडक्शन है, जो चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट और ऑटोनॉमस वर्क्स के सहयोग से बनाई गई है।

राहुल चित्तेला और अर्पिता मुखर्जी द्वारा सह-लिखित, गुलमोहर वर्तमान में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।

CMYK

# छत्तीसगढ़ में शाला प्रवेशोत्सव आज से

» **खोली जा रही हैं 4 हजार 318 बालवाड़ियां**



**रायपुर,25 जून 2023(ए)।** प्रदेश में आज 26 जून से नए शिक्षा सत्र और शाला प्रवेशोत्सव की शुरूआत हो रही है। सीएम भूपेश बघेल ने बधाई देते हुए जानकारी दी कि पिछले वर्ष राज्य में 5173 बालवाड़ियां प्रारंभ की गई थी, इस वर्ष 4318 बालवाड़ियां और खोली जा रही है, अब इनकी संख्या बढ़कर 9491 हो जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि प्रदेश के सभी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाकर नन्हें-मुन्ने बच्चों का स्वागत और अभिनंदन किया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों और आमजनों से अनुरोध किया है कि शाला प्रवेश के दिन अपने नजदीक के विद्यालय में जाकर बच्चों का मनोबल बढ़ाएं और समय-समय में स्कूल जाकर शिक्षकों के साथ शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता को सुधारने में लगातार सहयोग भी करें। इस वर्ष स्कूल खुलते ही बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, गणवेश इत्यादि प्रदान करने तथा कक्षा नवमीं में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को निःशुल्क सायकल प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के साथ ही हमें शिक्षा की गुणवत्ता शिक्षा के प्रति जन-जन का लगाव बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। हमारा यह संकल्प है कि प्रदेश में उत्कृष्ट शिक्षा का वातावरण तैयार करने के लिए सभी व्यवस्थाएं स्कूल खुलने के पहले दिन से ही सुनिश्चित हों।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के तहत अंग्रेजी माध्यम के 377 और हिन्दी माध्यम के 350 स्कूल शुरू किए गए हैं। प्रदेश में बच्चों की शिक्षा-दीक्षा स्थानीय बोलियों में करने की व्यवस्था भी की गई है। प्रदेश में 20 भाषा-बोलियों में द्वि-भाषीय पुस्तकें तैयार की गई है, जिससे छत्तीसगढ़ में रहने वाले बच्चों को अपनी मातृभाषा में पढ़ाई की शुरूआत करने का अवसर मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि विगत अनेक वर्षो से स्कूल, भवनों की मरम्मत व रंग-रोगन भी नहीं हो पाया था। अनेक स्कूल भवन जर्जर हो चुके थे। हमारी सरकार ने ऐसे सभी स्कूल-भवनों की मरम्मत करने सुघ्घर-सुन्दर बनाने का संकल्प भी लिया है। 'मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना' के तहत 29 हजार 284 स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए लगभग 2 हजार करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।



## कोल ब्लाक की नीलामी रद्द करने छत्तीसगढ़ सरकार ने केन्द्र को लिखा पत्र

**रायपुर,25 जून 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने केन्द्र सरकार को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में छत्तीसगढ़ के 9 कोयला ब्लाकों के नीलामी को निरस्त करने की मांग की गई है। इस पत्र में कहा गया है कि ये 9 कोल ब्लाकों की नीलामी हसदेव और मांड नदी क्षेत्र में स्थित है जहा घना जंगल है।

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने पहले भी इन कोल ब्लाकों की नीलामी को रद्द करने का आग्रह किया था। हसदेव और मांड नदी के क्षेत्र में घना जंगल है और इस घने जंगल को कांटने के बाद वहां खनन कार्य किया जाएगा जिससे वहां के पारिस्थितक तंत्र को भारी नुकसान होगा। इस क्षेत्र में छोटे-बड़े मिलाकर 24 गांव निवासरत है जिन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## प्रोफेसर की नौकरी खतरे में

» **छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से लगा झटका**



**रायपुर,25 जून 2023(ए)।** कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय रायपुर के प्रोफेसर डॉ. शाहिद अली की बर्खास्तगी की कार्रवाई पर अंतरिम राहत देने से हाईकोर्ट ने इंकार कर दिया है। शाहीद अली ने विश्वविद्यालय की ओर से बर्खास्तगी के लिए जारी नोटिस पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद ने डॉ. अली को बर्खास्त करने को लेकर उन्हें अपना पक्ष रखने नोटिस देकर 15 दिनों का समय दिया है।

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद ने एबीवीपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व केटीयू के प्रोफेसर डॉक्टर आशुतोष मंडावी और संजय द्विवेदी के खिलाफ भी तत्काल कार्रवाई की अनुशंसा की थी। विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य आवेश तिवारी डॉ. राममोहन पाठक सहित तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने डॉ. शाहिद अली का दस्तावेज फर्जी होना पाया है। कार्य परिषद की आपात बैठक में डॉक्टर शाहिद अली को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने का फैसला लिया गया था। फर्जी दस्तावेज मामले में कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय प्रबंधन ने डॉक्टर शाहिद अली से 15 दिन के भीतर जवाब मांगा है।

# पुलिस को सौंपी गई आरोपित बैंक मैनेजर के नार्को टेस्ट की एफएसएल रिपोर्ट और सीडी

**दोबारा शुरू होगी जांच**




**रायपुर,25 जून 2023(ए)।** इंदिरा प्रियदर्शनी महिला सहकारी बैंक घोटाले के आरोपित बैंक मैनेजर उमेश सिन्हा के नार्को टेस्ट की एफएसएल रिपोर्ट और सीडी पुलिस को सौंपी गई है। न्यायलय के आदेश के बाद पुलिस को सीडी और रिपोर्ट मिली। पुलिस सीडी और एफएसएल रिपोर्ट का अवलोकन कर दोबारा जांच शुरू करेगी। बता दें कि जांच में कई और बिंदु सामने आ सकते हैं। इसके साथ ही बताया जा रहा है कि जांच के बाद कई बड़े लोगों की गिरफ़्तारी भी हो सकती है। साल 2006-07 में 54 करोड़ रुपयों का घोटाला हुआ था। कोतवाली रायपुर में बैंक मैनेजर उमेश सिन्हा समेत 18 बैंक संचालक मण्डल के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में ख्यानत समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज हुआ था।

**कांग्रेस ने मांगी थी जांच की अनुमति**

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में वादा किया था कि प्रदेश में सरकार बनी तो इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले की जांच कराएंगे। पिछली सरकार ने बैंक घोटाले की चार्जशीट कोर्ट में पेश करने के दौरान नार्को टेस्ट की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की थी, जबकि वायरल वीडियो में कई बड़े लोगों के नाम थे। इसके बाद ही कांग्रेस ने पूर्ववर्ती रमन सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और जांच की मांग शुरू की थी। बीते 21 जून को बिलासपुर उच्च न्यायलय ने बैंक घोटाले की दोबारा जांच के आदेश दिए। आदेश के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा था कि जनता की गाढ़ी कमाई के घोटाले की जांच की अनुमति न्यायालय से मिल चुकी है।




## रायपुर के दो मशहूर होटलों के मैनेजर गिरफ्तार

» **अवैध शराब पिलाने का आरोप**



**रायपुर,25 जून 2023(ए)।** निर्धारित समयावधि के बाद भी बार में शराब पिलाते होटल आदित्य एवं होटल गोल्डन ओक के मैनेजरों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की कार्यवाही। दरम्यानी रात्रि थाना मौदहापारा क्षेत्रांतर्गत स्थित होटल आदित्य एवं होटल गोल्डन ओक के मैनेजर कलाकार नाईक एवं कुलजीत भाटिया द्वारा निर्धारित समयावधि के बाद भी रात्रि 01:30 बजे होटल के बार में लोगों को बैठाकर शराब पिलाया जा रहा था।

जिस पर होटल आदित्य के मैनेजर कलाकार नाईक पिता भुजा नाईक उम्र 29 वर्ष निवासी गुजराती स्कूल के सामने केके रोड मौदहापारा रायपुर के विरूद्ध थाना मौदहापारा में अपराध क्रमांक 140/23 धारा 36(सी) आबकारी एक्ट तथा होटल गोल्डन ओक के मैनेजर कुलजीत भाटिया पिता सरदार हरभजन सिंह भाटिया उम्र 53 वर्ष ,रेसिडेंसी महावीर नगर रायपुर के विरूद्ध थाना मौदहापारा में अपराध क्रमांक 141/23 धारा 36(सी) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। उक्त दोनों होटलों के संचालकों को भी नोटिस जारी कर थाना तलब करने के साथ ही इनके द्वारा बार लायसेंस शर्तो का उल्लंघन करने के संबंध में आबकारी विभाग को पत्राचार किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में चुनाव को लेकर सीएम भूपेश बघेल ने दिया बड़ा बयान

**रायपुर,25 जून 2023(ए)।** चुनावी मोड में आ चुकी प्रदेश कांग्रेस अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत प्रदेश भर में 'बूथ चलो अभियान' का आगाज करने जा रही है। कांग्रेस इसकी शुरुआत दक्षिण छत्तीसगढ़ यानी बस्तर से करने जा रही है।



कल यानि सोमवार को इसकी शुरुआत बस्तर से होगी जिसमे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा शिरकत करेंगी कार्यक्रम के तहत अलग अलग विधानसभा में अलग अलग नेता इस अभियान कि शुरुआत करेंगे, इसके तहत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जगदलपुर में, पीसीसी प्रभारी कुमारी शैलजा कांकेर में, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम भानुप्रतापपुर विधानसभा में, मंत्री टीएस सिंहदेव चित्रकोट में, कवासी लखमा दंतेवाड़ा में, मंत्री प्रेमसाय टेकाम कोंडागांव में, मंत्री शिव डहरिया बीजापुर में, प्रभारी सचिव सप्तगिरि शंकर उल्का बस्तर में, सांसद दीपक बैज कोंटा में, सांसद फूलोदेवी नेताम नारायणपुर में और विधायक सत्यनारायण शर्मा केशकाल में इस कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगे।

## राजधानी समेत कई जिलों में हुई झमाझम बारिश

» **अगले 2 दिनों तक आसमान में छाए रहेंगे बादल**



**रायपुर,25 जून 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत पूरे प्रदेशभर में मानसून सक्रिय हो गया। रायपुर में शनिवार देर रात से ही झामाझाम बारिश हो रही है। इससे मौसम सुहाना हो गया है। वहीं, बस्तर से लेकर बिलासपुर और सरगुजा संभाग में भी ज्यादातर जगहों पर बारिश शुरू हो गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। साथ ही कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन घंटों में बलोद ,बलौदाबाज़ार, बेमेतरा, बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, गोरियाबंद , जंजगीर, कबीरधाम, महासमुंद, मुगेली, रायगढ़, रायपुर और राजनांदगांव में आकाशीय बिजली गिरने की अति संभावना है। मौसम वैज्ञानिक संजय बैरागी ने बताया कि, पूरे छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय है। वर्तमान में जो वर्षा हो रही है, तीन दिनों तक ऐसी वर्षा होने संभावना है। उसके बाद अगले तीन दिन मौसम थोड़ा डाउन होगा, लेकिन हल्की और मध्यम वर्षा होती रहेगी। उसके बाद मौसम सक्रिय हो जायगा, फिर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वर्तमान स्थिति में साथ सेंट्रल और साउथ छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा की अलर्ट जारी कर चुका है, वो स्थिति अभी बनी हुई है।



## एक बार फिर नक्सलियों की साजिश हुई नाकाम

» **5 किलो का आईईडी बम बरामद कर जवानों ने किया नष्ट**

**कोंडागांव ,25 जून 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कोंडागांव में रविवार को सुरक्षाबलों ने 5 किलो का आईईडी बम बरामद किया है। इसे जवानों ने नष्ट कर दिया है। बताया जा रहा है कि,जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने आईईडी बम लगाया था। हालांकि बड़ी घटना होने से पहले ही जवानों ने नक्सलियों के मंसूबे पर पूरी तरह से पानी फेर दिया है। दरअसल, आज सीआरपीएफ, डीआरजी, जिला पुलिस बल की संयुक्त टीम ने गश्त पर निकली थी। इस दौरान नारायणपुर सड़क किनारे सुरक्षाबलों ने आईईडी बम बरामद किया, फिर निष्क्रिय कर दिया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)